# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024





# जबरिया भेजी गई करोड़ों की दवाएं पहले हुई एक्सपायर अब नष्ट करने में खर्च होंगे लाखों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जबरिया तरीके से सरकारी अस्पतालों में भेजी गई करोड़ों की दवाइयां पहले एक्सपायर हुईं, अब उन्हें नष्ट करने लाखों रुपए खर्च कर एजेंसी तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने डीके सहित अन्य अस्पतालों में भेजी गई दवाओं के बारे में जिला स्तर पर जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच करने के बाद जवाबदेही तय होगी और कार्रवाई भी होगी।

हरिभूमि में डीके अस्पताल में बिना उपयोग के एक्सपायर हुई आईवी फ्लूड की खबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा है कि डीके के अलावा कई अस्पतालों में ढेर सारी दवाइयां एक्सपायर हुई हैं। जिला स्तर पर अस्पतालों से सीजीएमएससी को भेजी गई डिमांड और हुई सप्लाई के आंकड़े मंगाए गए हैं। यह भी पूछा गया है कि दवा कार्पोरेशन द्वारा बिना डिमांड की कितनी मात्रा में दवाई हेल्थ सेंटरों को भेजी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय करने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

» *कई अस्पतालों में डंप दवाएं, जिला स्तर पर मांगी गई जानकारी*

» *स्वास्थ्य मंत्री ने हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान*





स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- जांच के बाद तय होगी जवाबदेही

## कई अस्पतालों की जांच मशीन भी

दवाओं की तरह स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकीय सुविधा बढ़ाने के लिए की कीमती उपकरणों की सप्लाई भी कर दी गई थी। उपकरण तो हेल्थ सेंटरों तक पहुंचे, मगर उनका उपयोग विशेषज्ञों के अभाव में शुरू नहीं हो पाया। राजधानी के कुछ हमर अस्पताल में इसी तरह डेंटल चेयर, एक्स-रे, सोनोग्राफी मशीन की सप्लाई की गई, मगर विशेषज्ञ चिकित्सकीय स्टाफ के अभाव में इसे शुरू ही नहीं किया जा सका है। रायपुर के अलावा राज्य के अन्य की सेंटरों में इस तरह की मशीन डंप होने की जानकारी भी सामने आ रही है।

## अस्पताल प्रबंधन से ली जानकारी

डीके अस्पताल में लगभग 32 लाख रुपए की दवा एक्सपायरी होने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डीके अस्पताल प्रबंधन से भी जानकारी मांगी है। मंत्री को बताया गया कि दो साल पहले सीजीएमएससी द्वारा अपने पुश मैकेनिज्म के तहत इस कैल्शियम युक्त आईवी फ्लूड की सप्लाई की गई थी। इसका उपयोग ऑपरेशन थियेटर अथवा आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों के लिए किया जाता है। हुई सप्लाई में ग्लूकोज की आधी से भी कम बोतलों का उपयोग मरीज हित में किया जा सका था।






## खबर संक्षेप

### जया बच्चन पांचवी बार राज्यसभा की सदस्य

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन को सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। जया बच्चन पांचवी बार राज्यसभा की सदस्य बनी हैं। वह उच्च सदन में उत्तर प्रदेश से निर्वाचित होकर आयी हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने शपथ दिलाई।



### यूपीएससी प्रीलिम्स के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने आज, 1 जुलाई को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए थे, वे अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस परीक्षा में सफल उम्मीदवार अब मुख्य परीक्षा देंगे। मुख्य परीक्षा के बाद इंटरव्यू और फिर फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।


### सड़क पर रेंगता दिखा मगरमच्छ, वीडियो वायरल

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के तटीय शहर रत्नागिरी में आठ फुट लंबे एक मगरमच्छ के बारिश से भीगी सड़क पर रेंगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह वीडियो रत्नागिरी जिले में चिपलुन शहर के चिंचनाका इलाके में बारिश के बीच एक ऑटोरिक्शा चालक ने बनाया।



### झरने में दो दिन बाद ट्रैकर का शव बरामद

**पुणे।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में सोमवार को 38 वर्षीय ट्रैकर का शव बरामद किया गया, जो एक छोटे से झरने में बह गया था। यह घटना शनिवार को पश्चिमी घाट के तहमिनी में हुई। पूर्व सैन्यकर्मी स्वप्निल धावड़े लगभग 30 लोगों के समूह के साथ ट्रेकिंग कर रहे थे।



### कश्मीर में खेत में मिला जंग लगा गोला

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सुरक्षाकर्मियों ने एक जंग लगा गोला बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के बदोरी गांव के स्थानीय लोगों ने एक खेत में गोला देखने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी।



### देशभर में नया कानून लागू, रात 12.05 मिनट पर पहला केस

# नया कानून लागू होते ही ग्वालियर में पहला और रेंगाखार कवर्धा में दूसरा केस हुआ दर्ज

*तीन नए भारतीय कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने के बाद देश में पहला तथा राज्य का पहला अपराध मध्यप्रदेश के ग्वालियर में दर्ज किया गया, जबकि दूसरा मामला कवर्धा जिला के रेंगाखार में दर्ज हुआ। आधी रात नया कानून लागू होते ही तीसरा मामला दिल्ली में दर्ज हुआ है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


अपराध दर्ज करने पुलिस को पहले दिन थोड़ी परेशानी जरूर हुई, लेकिन थानों में पदस्थ विवेचक तथा एफआईआर दर्ज करने वाले मुंशी का कहना है कि एफआईआर दर्ज करने दो से तीन महीने उन्हें चार्ट का सहारा लेना पड़ सकता है। धाराएं प्रचलन में आने के बाद उन्हें अपराध दर्ज करने में किसी तरह से कोई परेशानी नहीं होगी। रायपुर के अभनपुर और मंदिरहसौद में भी मामला दर्ज हुआ है।

कवर्धा एसपी अभिषेक पल्लव के मुताबिक रेंगाखार थाना में मोहनटोला निवासी इतवारी पंचेश्वर ने गोलू ठाकरे के खिलाफ गाली-गलौज तथा मारने पीटने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इतवारी पूर्व में एक ट्रैक्टर एजेंसी में सेल्समैन का काम करता है। गोलू ने इतवारी पर ट्रैक्टर के कागजात नहीं देने का आरोप लगाते हुए शनिवार को शोरूम के पास आकर उसके साथ गाली-गलौज करने सहित मारने, पीटने की धमकी दी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नई धारा देखने चार्ट की मदद

नए कानून लागू होने के बाद शहर के अलग-अलग थानों का जायजा लेने पर पाया गया कि एफआईआर दर्ज करने वाले मुंशी पूरे दिन नए तथा पुराने कानून को समझने से लेकर धाराओं का अध्ययन करते मिले। साथ ही जो पीड़ित थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आए, उसके लिए एफआईआर दर्ज करने मुंशी को चार्ट का सहारा लेना पड़ा।

## देशभर में लागू हुए नए कानून



### इतने बजे अपराध दर्ज किया गया

नए कानून के तहत राज्य के कवार्धा, रेंगाखार में पहला प्रकरण 12 बजकर 30 मिनट तथा रायपुर के मंदिर हसौद में 1 बजे और अभनपुर में 3 बजे मामला कायम किया गया है।

### पूर्व डीजीपी बोले समय के हिसाब से परिवर्तन जरूरी

तीन नए कानून को लेकर पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी का कहना है कि पूर्व में अंग्रेजों ने जो कानून बनाए थे, तब उस समय के सामाजिक परिवेश को ध्यान में रखकर बनाए गए थे। डेढ़ सौ सालों में सामाजिक परिवेश बदल गया है। वर्तमान में अपराध के पैटर्न बदल गए हैं। साइबर क्राइम को लेकर अंग्रेजी कानून में कोई व्यवस्था नहीं थी। नए कानून से लोगों को लाभ मिलेगा। भारत सरकार का निर्णय सही है।

### अभी भी पुराने कानून की वैधानिकता बनी रहेगी

देशभर में 1 जुलाई से भले ही तीन नए कानून लागू हो गए हैं। लेकिन पुराने कानून की वैधानिकता बनी रहेगी। 1 जुलाई के बाद भी आईपीसी की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होंगे। बशर्ते की घटना 1 जुलाई से पहले की हो। यदि कोई घटना 1 जुलाई 2024 से पहले की है तो ऐसे मामलों में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध होंगे। ये मामले दंड प्रक्रिया संहिता के तहत ही चलेंगे। छत्तीसगढ़ सहित देशभर में 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### घटना 30 जून से पहले की

घटना यदि 30 जून 2024 से पहले की है तो उस समय लागू कानून के अनुसार ही एफआईआर दर्ज होगी। ये कहा जा सकता है कि अब भारतीय न्याय संहिता के अतिरिक्त आईपीसी की धाराओं में भी अपराध पंजीबद्ध हो सकेंगे।

**- आर के विज,** रिटायर्ड डीजी

### अब दंड की जगह मिलेगा न्याय



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि औपनिवेशिक कानून का दौर अब खत्म हो गया है। अब देश में दंड की जगह न्याय मिलेगा। देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी। राजद्रोह कानून को भी खत्म कर दिया गया है। अमित शाह ने कहा, देश की जनता को मैं बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली अब पूरी तरह से स्वदेशी हो रही है और भारतीय मूल्यों के आधार पर चलेगी।

### तीन नए कानून

बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सोमवार को लागू हुए, जिन्होंने ब्रिटिशकालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली। इन तीनों नए कानून ने अब ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) की जगह ली है।

# 70 लाख महिलाओं के खाते में आए 653 करोड़ 85 लाख रुपए

- सीएम साय ने जारी की महतारी वंदन की पांचवी किस्त
- योजना के क्रियान्वयन में स्पष्ट झलकते हैं सुशासन के मूल्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना की पांचवीं किस्त सोमवार को जारी कर दी है। इस योजना में लगभग 70 लाख महिलाओं के खाते में 653 करोड़ 85 लाख रुपए भेजे गए हैं।


उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000 रुपए देने का संकल्प लिया था। शपथ लेने के तीन महीने के भीतर ही इस योजना पर काम शुरू हो गया। प्रशासनिक अमले ने तेजी से सर्वे का काम पूरा करते हुए हितग्राही महिलाओं से फार्म भरवाए और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 10 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी की थी। इसके बाद नियमित रूप से यह किस्त जारी की जा रही है। नियमित रूप से यह राशि आने की वजह से महिलाएं काफी खुश हैं। कुछ महिलाएं अपने घरेलू बजट को इससे व्यवस्थित कर पा रही हैं, कुछ महिलाएं इस राशि को अपनी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च कर रही हैं तथा कुछ भविष्य के लिए निवेश कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन में सुशासन के मूल्य स्पष्ट झलकते हैं। डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण हो रहा है इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है।

### सुख समृद्धि लेकर आया

गौरतलब है, बीते दिनों जनदर्शन में बहुत सी महिलाएं आईं, उन्होंने अपने आवेदन दिए, साथ ही महतारी वंदन योजना को लेकर अपनी खुशी भी जाहिर की। इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा, विष्णु का सुशासन हमारे जीवन में बहुत सुख-समृद्धि लेकर आया है। इसके पहले महिलाओं को लेकर इतनी अच्छी योजना हमारे राज्य में क्रियान्वित नहीं की गई थी। इससे हमारे सपने पूरे हो रहे हैं।

### ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों ने दिलाई थी परीक्षा

# नीट यूजी की रिएक्जाम का आया रिजल्ट और नया रैंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। अधिकारियों ने बताया कि एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए गए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को परीक्षा हुई थी।

### छत्तीसगढ़ के 291 छात्र हुए थे शामिल

एनटीए के एक अधिकारी ने पहले कहा था, कम से कम 52 प्रतिशत 1,563 उम्मीदवारों में से 813 पुनः परीक्षा में शामिल हुए। चंडीगढ़ में कोई भी अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 291, गुजरात से एक, हरियाणा से 287 और मेघालय से 234 थी। एनटीए की ओर से पांच मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर नीट-यूजी का आयोजन किया गया था, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे।

### पेपर लीक पर हुए थे विरोध प्रदर्शन

नीट प्रश्नपत्र लीक सहित अनियमितताओं के आरोपों के कारण विरोध प्रदर्शन हुए और अदालत में याचिकाएं दायर की गईं और विभिन्न वर्गों ने संपूर्ण रूप से पुनः परीक्षा की मांग की। हालांकि, केंद्र ने कहा कि अनियमितताओं की घटनाएं 'स्थानीय स्तर' पर हुई थीं और वह उन लाखों उम्मीदवारों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकता, जिन्होंने उचित तरीके से परीक्षा पास की है।

### सुप्रीम कोर्ट में दो हफ्ते बाद सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में ओएमआर शीट में छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख तय की है। यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष पेश की गयी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा देने वाले याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल की ओएमआर शीट बदल दी गयी। पीठ ने वकील से कहा कि याचिकाकर्ता 23 जून को दोबारा हुई परीक्षा में बैठने की अनुमति मांग रहा था।

# हार्ट अटैक से किसान की मौत, प्रधान आरक्षक पर लगा धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

प्रधान आरक्षक की धमकी से डरकर बुजुर्ग किसान को हार्ट अटैक आने और उसकी मौत होने का मामला सामने आया है। जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान महिला प्रधान आरक्षक गांव में मौजूद थी और एक जमीन विवाद के मामले में किसान से पूछताछ कर रही थी। इस घटना के बाद परिजन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

- अस्पताल पहुंचने से पहले मौत चिकित्सक ने लिखा नेचुरल डेथ



### पहले से बीमार था ग्रामीण

इस मामले में मृतक के घर वालों का बयान लिया गया है। ग्रामीण पहले से ही बीमार था। आज पुलिस अपना काम करने गई थी। चिकित्सक ने भी लिखकर दिया है कि यह नॉन एमएलसी केस है और एक नेचुरल डेथ है।

**- अमोलक सिंह ढिल्लो,** एएसपी

### कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

आज इस घटना की जानकारी परिजन द्वारा कांग्रेस को दी गई। सूचना मिलने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम अस्पताल पहुंची थी। कांग्रेस का कहना है कि मृतक श्रीराम राजवाड़े गांव के प्रतिष्ठित किसान, लेम्प्स सदस्य, शाला विकास समिति के अध्यक्ष थे और उनका ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ओरछा में नक्सली वारदात

# युवक की हत्या कर शव सड़क पर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नक्सलियों ने रविवार की रात ओरछा के पास बटूम पारा में सन्नू उसेंडी उम्र 30 वर्ष नामक युवक की हत्या कर शव को मुख्यमार्ग के बीच में रख दिया। शव के पास पर्चे फेंके थे, जिसमें युवक पर नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि 15 जून को फरसबेड़ा और ▶▶ शेष पेज 4 पर

- शव को मुख्यमार्ग में बीच में रखकर भागे



### मुखबिरी के आरोप में हत्या

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सन्नू उसेंडी पिता डोगे उसेंडी उम्र 30 वर्ष लगभग निवासी नेलांगुर थाना कोहकमेता वर्तमान पता बांस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### टीम इंडिया की वतन वापसी का बढ़ा इंतजार

# बेरिल तूफान का कहर, बारबाडोस में फंसी टीम इंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बारबाडोस में बेरिल तूफान का खौफ है। ऐसे में टीम इंडिया की भारत वापसी टल गई है। बारबाडोस में तूफान की चेतावनी जारी की गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, हरिकेन बेरिल 6 घंटे के भीतर बारबाडोस की जमीन से टकराने वाला है। ऐसे में सावधानी बरतते हुए सभी एयरपोर्ट्स को बंद करके लोगों को अपने घर में ही रहने की सलाह दी गई है। इसलिए टीम इंडिया के खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, बीसीसीआई अधिकारी और इन सभी के परिवार समेत कुल 70 सदस्यों होटल रूम ही कैद हो गए हैं।

### भारतीय टीम होटल में बंद

बारबाडोस के मौसम की वजह से भारतीय टीम को होटल के कमरे में ही बंद रहना पड़ रहा है। बाहर निकलने को लेकर सख्त चेतावनी जारी की जा चुकी है। तूफान की आशंका को देखते हुए टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी होटल के अपने अपने कमरे में ही बंद हैं। रिपोर्ट की मानें तो इस वक्त होटल में 70 सदस्यों को होने की जानकारी दी गई है।



**टीम इंडिया ने पेपर प्लेट में किया डिनर:** तूफान को लेकर किसी को भी अपने घर से निकलने से मना किया गया है, इसलिए पूरे इलाके में कर्फ्यू जैसा माहौल है। ऐसे होटल भी बहुत कम स्टाफ और सीमित संसाधन के साथ चलाया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी कारण से रात में टीम इंडिया को लाइन में लगकर पेपर प्लेट में डिनर करना पड़ा।

### बीसीसीआई ने प्लान में किया बदलाव

बीसीसीआई ने कहा कि वह खिलाड़ियों समेत सभी स्टाफ को बारबाडोस के तूफान से निकालने के लिए हर कोशिश कर रही है। इसके लिए उसने अपने प्लान में भी बदलाव किया है। मौका मिलते ही सभी 70 सदस्यों को अब एक चार्टर फ्लाइट के जरिए बारबाडोस के ब्रिजटाउन से सीधे नई दिल्ली लाया जाएगा। बता दें कि आम तौर पर भारतीय टीम विदेशी से लौटती है तो मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड करती है। हालांकि, इस बार सभी खिलाड़ी नई दिल्ली आएंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन सभी से मुलाकात कर सकते हैं।

## राहुल ने स्पीकर पर साधा निशाना

# ‘मोदी से हाथ मिलाते वक्त आप झुकते हैं और मेरे आगे तनते हैं’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला पर ही निजी हमला बोल दिया। उन्होंने कहा, “सदन की कुर्सी पर दो लोग बैठे हैं। एक स्पीकर और एक ओम बिरला. जब मोदी जी और मैं आपसे हाथ मिलाने गए तो मैंने कुछ नोटिस किया। जब मैं आपसे हाथ मिलाने गया तो आपने मेरे से साथ सीधे खड़े होकर हाथ मिलाया, लेकिन जब मोदी जी आपसे हाथ मिलाने गए तो आप उनके सामने झुक गए और फिर हाथ मिलाए। राहुल की इस तीखी टिप्पणी के बाद पूरे सदन में हंगामा मच गया। विपक्षी सांसदों ने राहुल गांधी का समर्थन किया। लोकसभा स्पीकर ने राहुल गांधी की टिप्पणी का जवाब भी दिया। उन्होंने कहा, “प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के नेता हैं। मेरी संस्कृति कहती है कि जो हमसे बड़े हैं, उनको झुककर नमस्कार करो और बराबर वालों से बराबर का व्यवहार करो।

### राहुल ने स्पीकर के जवाब पर कहा

राहुल स्पीकर के जवाब के बाद फिर खड़े हुए और कहा कि वह उनकी ‘बात सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं।’ राहुल गांधी ने कहा, “इस हाउस में स्पीकर से बड़ा कोई नहीं होता है. स्पीकर सबसे बड़ा है और हम सबको स्पीकर के सामने झुकना चाहिए। मैं झुकुंगा और पूरा विपक्ष आपके सामने झुकेगा। राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला से कहा, “ये लोकतंत्र है और आप इस हाउस के कस्टोडियन हैं और आपको किसी के सामने नहीं झुकना चाहिए।“ राहुल गांधी के ऐसा कहने का मतलब उन्होंने कहा कि इस हाउस में सभी के साथ सही और बराबरी का व्यवहार होना चाहिए।





### मोदी से डरते हैं राजनाथ, गडकरी

इस दौरान, राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निशाने में लिया। उन्होंने कहा कि सुबह राजनाथ सिंह मिले थे और उन्होंने मुस्कुरा कर मेरा हालचाल लिया। अब जब सदन में बैठे हैं तो गंभीर हैं। ऐसा इसलिए कि नरेंद्र मोदी के आगे मुझसे बात करने से डरते हैं। ऐसा ही हाल नितिन गडकरी का भी है। राहुल ने कहा कि ये लोग पूरे देश में डर फैलाते हैं और पार्टी के अंदर भी इन्होंने डर कायम कर रखा है।

### लोकसभा में राहुल को रोकने में बैकफुट पर नजर आई बीजेपी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता बन चुके हैं। विपक्ष के नेता के तौर पर सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए राहुल गांधी आज मंझे हुए नेता के तौर पर बोल रहे थे। 2014 के बाद शायद पहली बार लोकसभा में ऐसा मंजर था कि राहुल गांधी के स्पीच के सामने बीजेपी असहाय दिख रही थी। राहुल को रोकने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 2 बार उठे, राजनाथ सिंह भी 2 बार उठे, गृहमंत्री अमित शाह कम से कम 4 बार, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी एक बार उठे। राहुल बीजेपी को लगातार घेरते रहे।

## खबर संक्षेप

### सुब्रमणि ने किया सेना के उप प्रमुख के तौर पर पदभार ग्रहण

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सोमवार को सेना के नए उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इसके



पहले वह सेना के मध्य कमान का नेतृत्व कर रहे थे। सुब्रमणि ने इस पद पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है। जनरल द्विवेदी ने रविवार को सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया था। सेना ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को पश्चिमी और उत्तरी, दोनों सीमाओं पर सैन्य अभियान गतिशीलता की गहरी समझ और ज्ञान है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि वर्ष 1985 में गढ़वाल राइफल्स में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने संयुक्त सेवा कमांड स्टाफ कॉलेज, ब्रैकनेल (ब्रिटेन) और नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज से भी पढ़ाई की है।

### नेतृत्व परिवर्तन : आलाकमान के फैसले का करूंगा पालन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि राज्य में अगर नेतृत्व परिवर्तन पर पार्टी आलाकमान कोई फैसला लेता है, तो वह उसका पालन करेंगे।



मुख्यमंत्री का यह बयान पार्टी के भीतर जारी खींचतान के बीच आया है। वोक्कालिगा समुदाय के एक प्रतिष्ठत महंत ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक रूप से सिद्धरमैया से पद छोड़ने का आग्रह किया था, उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके। विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के महंत चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी की अपील के बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल पर सिद्धरमैया ने कहा, यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है।


## भारतीय मौसम विभाग ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# छग सहित 25 राज्यों में मूसलाधार बारिश, दिल्ली में भी ऑरेंज अलर्ट

*भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में भारत के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम एजेंसी ने यह भी कहा है कि इस दौरान कई जगहों पर मेघ गरजने की भी संभावना है। हाल ही में उपग्रह से ली गई तस्वीरों में इसका खुलासा हुआ है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईएमडी के अनुसार, पंजाब और उससे सटे हिमाचल प्रदेश, दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे उत्तर-पूर्वी छत्तीसगढ़, दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, दक्षिण गुजरात, दक्षिण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दक्षिण कर्नाटक, उत्तर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। कई इलाकों में बिजली भी गिर सकती है। तेज हवाओं के भारी बारिश के आसार बन रहे हैं। इन क्षेत्रों के अलावा, ओडिशा, कोंकण, गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, केरल, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, लक्षद्वीप और निकोबार द्वीप समूह में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



### मध्य भारत में होगी भारी बारिश

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा कि अगले दो दिनों में दिल्ली में भारी वर्षा होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पूर्वी राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पूरे मध्य भारत में भारी बारिश होगी। अरुणाचल प्रदेश और असम में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कल तक पश्चिमी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में बारिश बढ़ जाएगी। उत्तर भारत के राज्यों में भी भारी बारिश होगी। हमने अगले दो दिनों में दिल्ली में भारी बारिश की घोषणा की है।”

### पर स्पाइस जेट की आठ फ्लाइट डिले, हंगामा

दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइस जेट की आठ फ्लाइट डिले हो गईं। इसको लेकर यात्रियों ने हंगामा किया। यात्रियों ने इस दौरान स्पाइस जेट मुर्दाबाद के नारे लगाए। जानकारी के मुताबिक, श्रीनगर, अयोध्या और अन्य शहरों को जाने वाली फ्लाइट में देरी हुई है। सुबह नौ बजे से यात्री परेशान हो रहे हैं। मामले से जुड़े वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें यात्री हंगाम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### देश में जून में सामान्य से 11 फीसदी कम बारिश

देश में जून में सामान्य से कम बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि बीते महीने 11 फीसदी कम बरसात दर्ज की गई, जो कि 5 साल में सबसे ज्यादा है। आईएमडी के मुताबिक, जून में सामान्य तौर पर 165.3 मिमी बारिश होती है मगर इस बार 147.2 मिमी ही दर्ज की गई। मालूम हो कि साल 2001 के बाद से यह 7वीं सबसे कम बारिश है। जून की बारिश 4 महीने के मॉनसून के दौरान दर्ज की गई 87 सेमी की कुल वर्षा का 15 प्रतिशत ही है। ऐसे में जरूर यह कहीं न कहीं चिंता की बात है।

### जून में कम बारिश होने का कैसा रहा असर

आईएमडी के मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में 33 प्रतिशत, मध्य भारत में 14 प्रतिशत और पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत में 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यह जरूर है कि दक्षिण भारत में जून में सरप्लस बारिश (14 प्रतिशत) दर्ज हुई। मौसम कार्यालय ने कहा कि देश के 12 प्रतिशत हिस्से में अधिक वर्षा हुई जबकि 38 प्रतिशत में सामान्य बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा 50 प्रतिशत इलाके में कम से लेकर बहुत कम वर्षा हुई। आईएमडी के डेटा से पता चलता है कि 25 में से 20 साल ऐसे रहे जब जब जून में बारिश सामान्य से कम हुई। हालांकि, यह जरूर था कि जुलाई में बारिश सामान्य या सामान्य से अधिक हुई। यह जानना भी दिलचस्प है कि 25 में से 17 वर्षों में जब जून में बारिश सामान्य से कम रही, तब मौसमी बारिश सामान्य या सामान्य से ऊपर दर्ज की गई।

# जेल में बंद कश्मीरी सांसद को बड़ी राहत, शपथ लेने पर एनआईए ने जताई सहमति



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनआईए ने कश्मीरी नेता और लोकसभा चुनाव में जीते निर्दलीय सांसद राशिद इंजीनियर को 5 जुलाई को संसद में शपथ लेने की अनुमति देने पर सहमित दे दी है। एनआईए के वकील ने दिल्ली की अदालत में कहा जेल में बंद कश्मीरी नेता राशिद को मीडिया से बात न करने जैसी शर्तों के आधार पर संसद में सांसद के तौर पर शपथ लेने की अनुमति देनी चाहिए। एनआईए द्वारा कहा गया है कि सहमति शर्तों पर ही निर्भर है। इस मामले में कल दिल्ली की पटियाला हाईकोर्ट आदेश जारी कर सकता है। इससे पहले शपथ के लिए राशिद ने अंतरिम जमानत या हिरासत पैरोल की मांग की है बता दें कि इंजीनियर राशिद उत्तरी कश्मीर की राजनीति काफी चर्चित नाम है। उन्होंन जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था और वह दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

### तिहाड़ में रहते हुए लड़ा चुनाव

इंजीनियर राशिद पर यूएपीए के तहत केस दर्ज हैं और वे पिछले पांच साल से दिल्ली की तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। इंजीनियर राशिद अवामी इत्तेहाद पार्टी से जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने जेल से ही निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इससे पहले साल 2019 के आम चुनाव में भी वह निर्दलीय उम्मीदवार थे, लेकिन तब नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुहम्मद अकबर लोन से हार गए थे। इस बार उन्हें जीत मिली है, जिसके बाद शपथ के लिए उन्होंने पेरोल और अंतरिम जमानत तक की याचिका लगाई है। गौरतलब है कि एनआईए ने साल 2019 में इंजीनियर राशिद को टेरर फंडिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। राशिद के खिलाफ आतंकी गतिविधियों का आरोप लगा था।

## एसआईटी करेगी मामले की जांच

# जम्मू-कश्मीर में मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव, हिरासत में लिए 15 संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के रियासी में अज्ञात लोगों द्वारा कथित रूप से एक मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में तीन और आरोपियों को हिरासत में लिया है। इस घटना के खिलाफ रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन भी किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रियासी जिले में एक पूजा स्थल में कथित तोड़फोड़ के सिलसिले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को धर्मारी के एक गांव में एक विजिटर ने पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त स्थिति में पाया था। इसके बाद इलाके में तनाव पैदा हो गया और लोगों ने इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।



इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की कर उन्हें गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि रविवार तक इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

पुलिस ने यह भी बताया कि एक स्थानीय ग्रुप के द्वारा सोमवार को रियासी शहर में बंद बुलाया गया था, जिसकी वजह से शहर के आसपास के इलाके में दुकाने बंद रही हैं। इस ग्रुप के सदस्यों ने जनाना पार्क से थापा चौक तक मार्च निकाला। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की।

# सिंगर मोनाली ठाकुर के साथ कॉन्सर्ट में बदसलूकी

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्ट्रेस मोनाली ठाकुर के साथ हाल ही एक कॉन्सर्ट में बदसलूकी हुई, जिससे वह भड़क गईं। मोनाली ठाकुर इतने गुस्से में थीं कि उन्होंने



कॉन्सर्ट बीच में रोक दिया और बदसलूकी करने वाले शख्स को खूब लताड़ा। कॉन्सर्ट के दौरान एक शख्स ने भीड़ के बीच खड़े होकर मोनाली ठाकुर के प्राइवेट पार्ट पर कमेंट किया। इससे मोनाली ठाकुर गुस्से से आगबबूला हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, मोनाली शनिवार को एमपी के भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी में परफॉर्म करने पहुंची थीं। यहां कॉन्सर्ट में कॉलेज के बच्चे थे और भारी भीड़ थी। इसी दौरान यह वाकया हुआ। इधर, आरोपी शख्स ने इस मामले पर सफाई दी कि उसने सिर्फ मोनाली के डांस मूव्स पर कमेंट किया था, और कुछ भी आपत्तिजनक नहीं कहा था।

## भाजपा ने कह दिया- बख्शेंगे नहीं

# बिहार में एक और पुल धंसा निशाने पर लालू की पार्टी

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के किशनगंज में एक और पुल धंसने के बाद बिहार में सियासत शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेता अब सीधे राष्ट्रीय जतना दल पर हमला बोल रहे हैं। उनका आरोप है कि यह पुल राजद के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के फंड से बना था। अब बिहार सरकार इस मामले की जांच करवाएगी कि राजद के तत्कालीन सांसद ने उस वक्त कितना पैसा



खाया था। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि किशनगंज में जो पुल धंसा है, उसे राजद के तत्कालीन सांसद दिवंगत तसलीमुद्दीन के फंड से बना था। इस पुल का निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया इसलिए आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### पुल का पिलर करीब एक फुट धंस गया है

मामला किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड का है। जहां तेज बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे बूंद नदी पर बना पुल का पिलर करीब एक फुट धंस गया है। यह पुल ठाकुरगंज के पथरिया पंचायत स्थित खोशी डांगी गांव में तत्कालीन सांसद मो. तस्लीम उद्दीन के सांसद कोष से 2007-8 में बनाया गया था। लेकिन सोमवार को पानी का दवाब नहीं झेल पाया और पिलर एक से डेढ़ फुट धंस चुका है। स्थानीय पूर्व मुखिया जवाहर सिंह ने बताया कि यह पुल तीन से चार पंचायतों को जोड़ता है।

## 3 राज्यों में बने थे मतदान केंद्र

# फ्रांस में हो रहे चुनाव भारत में हुई वोटिंग



**नई दिल्ली।** फ्रांस में हो रहे संसदीय चुनावों के पहले दौर में रविवार को भारत में भी फ्रांसीसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तमिलनाडु, केरल और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में फ्रांसीसी नागरिकों ने मतदान किया। पुडुचेरी में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास और चेन्नई में ब्यूरो डी फ्रांस ने स्थानीय अधिकारियों की मदद से चुनाव का आयोजन किया। इन जगहों पर 4,550 फ्रांसीसी नागरिक हैं। अधिकारियों ने चार स्थानों पर अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए थे, जिसमें दो पुडुचेरी, एक चेन्नई में और एक कराईकल में था। फ्रांस की महावाणिज्य दूत लिसे टैलबोट बैरे ने भी अपना वोट डाला।

### फ्रांस में रिकॉर्ड तोड़ मतदान

फ्रांस में पहले चरण के संसदीय चुनाव में रविवार को 65.5 प्रतिशत तक मतदान हुआ। वहीं, पिछले चुनाव 2022 में 47.5 फीसदी मतदान हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी और धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। देश में तीन साल पहले दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे।

### महंगाई बड़ा मुद्दा

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी ‘नेशनल रैली’ पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिये हवा दी है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

रायपुर
मंगलवार, 2 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 22, अंक : 344
पृष्ठ : 10+4+4+8 = 26, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.5
न्यून. 25.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3 फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?
विचार पेज 2 अब जीत से कम कुछ नहीं

# दो माह शादियां ठप थी, इसलिए 500 करोड़ के धंधे पर बड़ी चोट, अब मुहूर्त तो बुकिंग पैक

## होटल-गार्डन, कपड़ा, सराफा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक बाजार में लौट रही रौनक

खास खबर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अक्षय तृतीया के बाद आमतौर पर शादियों का मुहूर्त प्रारंभ हो जाता है और मई तथा जून में थोक में शादियां होती हैं, लेकिन 23 साल बाद इस बार मई और जून में शादियों का कोई भी मुहूर्त अक्षय तृतीया के बाद नहीं था। दो माह शादियां न होने के कारण होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, टेंट, सराफा, कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक को मिलाकर करीब 500 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया। अब वापस जहां इन सारे बाजारों में रौनक लौटी है, वहीं होटल, मैरिज हॉल इस माह होने वाली शादियों के लिए पहले से बुक हो गए हैं। अब तो खोजे से भी कोई भवन नहीं मिलने वाला है। इस समय बाजार में शादियों को लेकर जमकर खरीदारी हो रही है। इस साल जनवरी से लेकर अप्रैल तक चार माह तक शादियों के थोक में मुहूर्त रहे हैं। इसमें तो कारोबारियों की जमकर कमाई हुई है, लेकिन अक्षय तृतीया के बाद मुहूर्त न होने के कारण बाजार में खरीदारी नहीं हुई। शादियों से जुड़े हर सेक्टर के कारोबारियों में इस बात को लेकर निराशा रही है कि इस बार उनकी कमाई मारी गई।

### अब शादियों के लिए भवन के चकर लगा रहे कई परिवार

#### अब होटल भवन खाली नहीं

*राजधानी में 50 से ज्यादा बड़े होटल और मैरिज हॉल हैं। इसमें करीब चार हजार कमरे हैं। इनमें से ज्यादातर शादियों के मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो जाते हैं। इस बार मई और जून में मुहूर्त न होने के कारण दो माह खाली रहने के बाद अब ये जुलाई के मुहूर्त के लिए पहले से ही बुक हो गए हैं। अब तो कहीं कोई होटल और मैरिज हाल नहीं मिल रहा है। स्कूलों के भवन और छोटे सामुदायिक भवन भी नहीं मिल रहे हैं। अब कैटरिंग, टेंट, धुमाल, बैंड पार्टी वाले सभी की बुकिंग हो गई है। टेंट और कैटरिंग के कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, होटल,* ▶▶| शेष पेज 4 पर



#### दो माह हुआ भारी नुकसान

इस बार मई और जून में शादियां न होने के कारण होटल से लेकर हर सेक्टर में भारी नुकसान हुआ है। जुलाई में कम मुहूर्त है। वैसे भी हर बार इस माह मुहूर्त रहते ही हैं।
- **तरनजीत सिंह होरा**, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन

#### दो माह रहा कारोबार प्रभावित

मुहूर्त न होने के कारण दो माह तक बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। पंडरी थोक कपड़ा बाजार के चंदर विदानी के मुताबिक यही तो सीजन रहता है, जिसमें मध्यम वर्ग शादी-ब्याह के लिए जमकर खरीदारी करते हैं। अप्रैल से लेकर जून तक कारोबारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं होती, लेकिन इस बार बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा रहा। श्री विदानी के मुताबिक, दो माह में दो सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित हुआ। इसी तरह से सराफा बाजार, बर्तन दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में सन्नाटा रहा। शादियों की कहीं कोई खरीदारी नहीं न होने के कारण सभी सेक्टरों को मिलाकर पांच सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एसपी दफ्तर के बाहर जवान ने की पत्नी की हत्या

**हासन**। हासन में एक 48 वर्षीय पुलिस कांस्टेबल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर सोमवार को अपनी पत्नी की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। कांस्टेबल की पत्नी पारिवारिक विवाद को लेकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गई थी। यहां शहर के एक पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल लोकनाथ और उनकी पत्नी ममता के बीच पिछले कुछ दिनों से जमीन विवाद को लेकर झगड़ा जारी था।

### एक्सिस बैंक में 28 लाख रुपये की लूट

**शेखपुरा**। शेखपुरा जिले की ऐक्सिस बैंक की शाखा में छह लोगों ने दिनदहाड़े 28 लाख रुपए की कथित लूट की। लूट की यह वारदात जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित बैंक की बरबीघा शाखा में हुई। मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई है। फॉरेंसिक टीम के साथ-साथ पुलिस की विशेष तकनीकी टीम की भी सहायता ली जा रही है।



## लोकसभा में राहुल के बयान पर सियासी रार, भाजपा के हंगामे पर विपक्ष का पलटवार

# राहुल ने कहा- भाजपा नेता हिंदू नहीं, मोदी बोले- हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया। दावा किया कि 'ये लोग हिंदू नहीं हैं', जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अल्पसंख्यकों, मुसलमानों, सिखों एवं ईसाइयों को डराते हैं, उन हमला करते हैं और उनके खिलाफ नफरत फैलाते हैं, लेकिन अल्पसंख्यक इस देश के साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ा रहा है और उन्होंने अलग अलग क्षेत्रों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कांग्रेस नेता के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भाजपा के ▶▶| शेष पेज 4 पर

## भाजपा पर लगाया हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप

### क्या बोले पीएम मोदी?

पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर बाद में सदन में कहा, /"इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।



### क्या बोले थे राहुल गांधी?

राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए।

### भगवान शिव की दिखाई तस्वीर


नेता प्रतिपक्ष ने सदन में भगवान शिव की तस्वीर दिखाई और कहा कि शंकर भगवान से सच, साहस और अहिंसा की प्रेरणा मिलती है। उनका कहना था, भगवान शिव कहते हैं कि डरो मत, डराओ मत। उन्होंने भगवान शिव की 'अभय मुद्रा' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस्लाम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन, सभी धर्मों में यह मुद्रा नजर आती है। राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने भाजपा को एक संदेश दिया है।



### अग्निपथ पर भी सरकार को घेरा

राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी में कथित अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को 'व्यावसायिक परीक्षा' में तब्दील कर दिया है। कांग्रेस नेता ने 'अग्निपथ' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सैनिकों में भेद पैदा कर दिया गया। 'अग्निवीरों' की मृत्यु पर उन्हें शहीद का दर्जा और एक आम सैनिक की तरह उनके परिवारों को पेंशन और सहायता राशि नहीं मिलती।

### शाह बोले- राहुल को माफी मांगनी चाहिए



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू को कहते हैं, क्या वो सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आपातकाल में पूरे देश को भयभीत किया गया। आपातकाल के समय वैचारिक आतंक था।

### रक्षामंत्री ने कहा- गलतबयानी कर रहे



इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई और कहा कि नेता विपक्ष सदन में गलतबयानी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। राहुल गांधी ने भाषण के अंत में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की कई बातें तथ्यात्मक और सत्य नहीं है।

# निहारिका रायपुर वोरा जांजगीर और सुब्रत दुर्ग प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने अफसरों को जिलों का प्रभार सौंपा है। खास बात ये है कि जिन अधिकारियों को जिलों का प्रभारी बनाया गया है, उनमें एससीएस, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव, से लेकर संचालक स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले को धमतरी, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव को बस्तर, मनोज कुमार पिंगुआ अपर मुख्य सचिव को बिलासपुर, का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

- सरकार ने अफसरों में बांटे जिलों के प्रभार, एसीएस से लेकर विशेष सचिव तक शामिल

### इन अफसरों को मिला इस जिले का प्रभार

*निहारिका बारिक प्रमुख सचिव रायपुर, सोनमणि वोरा प्रमुख सचिव जांजगीर चांपा, शहला निगार सचिव महासमुंद, कमलप्रीत सिंह सचिव रायगढ़, परदेशी कोमल सिद्धार्थ सचिव बलौदाबाजार, अविनाश चंपावत सचिव राजनांदगांव, प्रसन्ना आर. सचिव कबीरधाम, अन्बलगन पी. सचिव जशपुर, अलरमेल मंगलई डी. सचिव कोरबा, राजेश सुकुमार टोप्पो विशेष सचिव नारायणपुर, एस प्रकाश सचिव कोरिया, नीलम नामदेव एक्का सचिव सारंगढ़- बिलाईगढ़, अंकित आनंद सचिव बालोद, सीआर प्रसन्ना सचिव बेमेतरा, भुवनेश यादव सचिव सूरजपुर, एस भारतीदासन सचिव मुंगेली, शम्मी आबिदी सचिव कांकेर, मोहम्मद कैसर हक सचिव गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, यशवंत कुमाक सचिव बलरामपुर-रामानुजगंज, भीम सिंग सीईओ कोंडागांव, महादेव कावरे संचालक खैरागढ़-छुईखदान गंडई,* ▶▶| शेष पेज 4 पर

## सीएम साय ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

# स्कूलों की मरम्मत धीमी, सीएम साय खफा, जांच का फरमान



### शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के लिए सरकार बनाएगी नीति
### सरकारी स्कूलों में पहली बार मेगा पीटीएम 6 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान पाया कि सरकारी स्कूल भवनों की हालत जर्जर है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर स्कूल भवनों की सुदृढ़ता की खुद मानिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रारंभ की गई स्कूल जतन योजना के तहत जीर्णोद्धार कार्यों की जांच की जाए तथा स्कूल जतन योजना में आबंटित राशि का उपयोग कर कार्यों को पूरा किया जाए। गौरतलब है, जर्जर स्कूलों का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 4 पर

### विद्या समीक्षा केंद्र से होगी मॉनीटरिंग

विद्या समीक्षा केन्द्र के संबंध में बैठक में बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु विद्या समीक्षा केन्द्र बनाया गया है। चरणबद्ध रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की ऑनलाईन मॉनिटरिंग, विद्यार्थियों के मूल्यांकन, मध्यान्ह भोजन योजना, शिक्षकों की पदोन्नति-स्थानांतरण, अवकाश आदि की मॉनिटरिंग की जाएगी। डाटा विश्लेषण हेतु सॉफ्टवेयर तैयार करने के लिए आईआईटी भिलाई के साथ एमओयू किया गया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक पेड़ मां के नाम लगाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में "एक पेड़ मां के नाम" लगाने का आव्हान किया है। बारिश के मौसम में ऐसे स्कूल जहां चार दीवारी हो, वहां बच्चों से पेड़ लगवाए जाएं। बच्चे ही पेड़ों की देखभाल करें। नीम, गुलमोहर, करंज आदि प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं। खास बात ये है कि इस बैठक के एक घंटे बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है।

### शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए बनेगी नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को रोटेशन के आधार पर प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण नीति तैयार की जाए, ताकि सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों से बच्चों के पालकों को भी जोड़ा जाए। छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष पहली बार 6 अगस्त को प्रदेशव्यापी मेगा-पीटीएम आयोजित किया जा रहा है।

## बम-बम भोले...

- अमरनाथ यात्रा के लिए तीसरा जत्था हो चुका है रवाना
- पंजीयन के लिए साधु-संत और श्रद्धालु कतार में



**श्रीनगर**। बम-बम भोले के जयकारों के बीच अमरनाथ यात्रा के लिए एक और जत्था रवाना हो गया। ऐसे में तीर्थयात्रियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। जम्मू में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। पंजीयन के लिए लंबी लाइन लगी है। ऐसे में साधु-संत और श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

### पुलिस को आत्महत्या का संदेह

# दंपति और उनके तीन बच्चों के शव फंदे पर लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलीराजपुर/भोपाल

मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा, सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। इस घटना की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है।



### मृतक के पिता पर हुआ था मामला

बता दें कि मृतक के पिता पर लगभग डेढ़ माह पहले धारदार हथियार से वार किया गया था। पुराने घटनाक्रम को देखते हुए यह हत्या भी हो सकती है। पूरे घटनाक्रम की जांच करने के लिए इंदौर से एफएसएल की टीम आ पहुंच रही है। मृतक के घर को चारों तरफ से पुलिस ने घेर रखा है और दरवाजा बंद है। अंदर किसी को भी जाने नहीं दिया जा रहा है।

## थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख मामले पर कही बड़ी बात

# चीन से चुनौती, सेना प्रमुख बोले- हम तैयार हैं...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा।

### आधुनिक हथियारों से लैस करना जरूरी

*जनरल द्विवेदी ने कहा, भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और प्रौद्योगिकी में बहुत तेज गति से बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा, भारतीय सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना करती है। ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह जरूरी है कि हम अपने सैनिकों को आधुनिक हथियारों तथा प्रौद्योगिकी से लैस करते रहें तथा अपनी युद्ध लड़ने की रणनीतियों में बदलाव करते रहें।*



### रक्षा में आत्मनिर्भर की राहत

*सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना परिवर्तन की राह पर है और वह रक्षा में 'आत्मनिर्भर' बनना चाहती है। उन्होंने कहा, इसे हासिल करने के लिए हम स्वदेशी पहलों को बढ़ावा देंगे और अधिकतम ऐसी युद्ध प्रणालियों तथा उपकरणों को शामिल करेंगे जिनका निर्माण हमारे देश में किया गया हो।*

### पूर्व सैनिकों पर कही यह बात

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। भूतपूर्व सैनिकों, 'वीर नारियों' और उनके परिवारों के प्रति मेरी पवित्र प्रतिबद्धता है।

चिंतन

# अब दंड नहीं न्याय संहिता एक और गुलामी से मुक्ति

एक जुलाई से देश एक और गुलामी के प्रतीक से मुक्ति पा ली है। राष्ट्र ने अंग्रेजों के समय बनाए गए आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट को पीछे छोड़ इनकी जगह तीन नए कानून विधानों को अपनाया है। दंड संहिता के भारतीयकरण की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अंग्रेजों के समय के दंड संहिताओं में दंड पर अधिक फोकस था, अब नए भारत में अमृतकाल में एक जुलाई से लागू तीनों कानून विधान, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 में न्याय पर अधिक ध्यान है। इन तीनों कानून विधान ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी मामलों में न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिलेगा। नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होगी। हालांकि विपक्ष ने इस पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार से कहा है, पर यह बस राजनीतिक प्रतिक्रिया भर है। अब भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली लागू हो गई है, जिनमें 'जीरो एफआईआर', ऑनलाइन पुलिस शिकायत पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन व जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। तीनों नए कानून विधान नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है। पिछले साल संसद से पारित इन कानून विधानों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाने जाए बिना ई-संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। 'जीरो' प्राथमिकी से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकता है, चाहे अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में न हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को प्राथमिकी की एक निःशुल्क प्रति दी जाएगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थल पर जाना और सबूत एकत्रित करना अनिवार्य बना दिया गया है। अपराध स्थल से सबूत एकत्रित करने की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी ताकि सबूतों में किसी प्रकार की छेड़छाड़ को रोका जा सके। इस कदम से जांच की गुणवत्ता व विश्वसीयता बढ़ेगी। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है जिससे दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी।



विश्वकप
विनोद कौशिक

# अब जीत से कम कुछ नहीं

वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है।

अनुभवी, मेहनती और युवा सितारों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने गजब का प्रदर्शन किया और 17 साल बाद भारत को टी-20 वर्ल्डकप का चैंपियन बना दिया। संतुलित और सधी हुई टीम ने शुरूआत से ही जीत का जज्बा दिखाया जो फाइनल तक जारी रहा। यह पहली बार है जब किसी वर्ल्डकप में भारत अजेय रहा और सभी मैच जीतकर चैंपियन बना है। वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। भारत ने 11 साल से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती, हर कोई बोलने लगा था कि भारत चोकर्स है, लेकिन टीम इंडिया ने दिखा दिया कि हम चोकर्स नहीं चैंपियन हैं। 2011 के बाद भारत ने 5 फाइनल खेले, पिछले वनडे वर्ल्ड कप में तो जीतते-जीतते हार गए। टीम को तमाम आलोचनाएं झेलनी पड़ी। इस बार भी रोहित ब्रिगेड ने ऐसा मैच जीता है, जिस फाइनल में हर कोई सोच रहा था कि इंडिया जीत नहीं सकती। अगर देखा जाए तो टी-20 में 30 बॉल पर 30 रन होते ही क्या हैं, लेकिन गेंदबाजों ने, फील्डर्स ने, रोहित शर्मा की बेहतरीन कप्तानी ने यह साबित कर दिया कि जीत के लिए रन नहीं, जज्बा चाहिए। इसी जीत के जज्बे कारण भारत ने दक्षिण अफ्रीका के जबड़े से जीत छीनकर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत पिछले 17 सालों में 3 वर्ल्ड कप अपने नाम कर चुका है। इनमें 2 टी-20 और 1 वनडे कप शामिल है। अब तक भारतीय क्रिकेट टीम ने 2 वनडे वर्ल्ड कप और 2 टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिए हैं।

टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है, जबकि वेस्टइंडीज 4 बार वर्ल्ड चैम्पियन रह चुका है। दरअसल, 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर भारतीय टीम पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप जीता। फिर 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। 1983 के बाद यह पहली बार था, जब ट्रॉफी भारत की झोली में आई और अब इस साल 2024 में रोहित ब्रिगेड ने टी-20 वर्ल्ड कप फतह कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और दुनिया में धमक दिखाई। इस जीत की गूंज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सुनाई दी है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव समेत तमाम खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और बारबाडोस में जीत का झंडा गाड़ा। भारत की



यह जीत खासकर पेशेवर लड़ाई लड़ रहे लोगों के लिए जिंदगी बदलने वाली साबित हो सकती हैं, जैसे टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने बदलकर दिखाया। देखा जाए तो कोहली लगातार फ्लॉप होते रहे, आलोचना झेलते रहे, शुरआती 7 मैचों की इतनी ही पारियों में कोहली का औसत 11 से भी कम का था, लेकिन सबसे बड़े मौके और सबसे बड़ी जरूरत पर कोहली ने दिखाया कि किसी भी व्यवसाय में चैंपियन या योग्यता के क्या मायने हैं। बस आपका खुद में भरोसा बने रहना चाहिए। वहीं, जब कप्तान आगे रहकर नेतृत्व करता है और अगर वह एक-दो बार विफल होता भी है, तो पूरी टीम उसकी क्षतिपूर्ति के लिए एकजुट हो जाती है, रोहित ने अपनी कप्तानी, एप्रोच और फैसलों से कुछ ऐसा ही पूरे टर्नामेंट से साबित कर दिखाया। परिणाम से बेपरवाह जल्द विकेट गिरने पर भी रोहित ने शुरुआत से ही आक्रामक एप्रोच पर अमल किया। वह शुरू में सस्ते में आउट हुए, लेकिन संदेश साफ था कि एप्रोच से कोई समझौता नहीं होगा। बाकी खिलाड़ी भी इसी राह पर चले और सफलता ने संदेश पर पूरी तरह मुहर लगा दी।

फाइनल मैच में अफ्रीका को जीत के लिए 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी और उसके हाथ में पांच विकेट भी शेष थे। यानी मैच पूरी तरह से उसकी मुट्ठी में था, लेकिन भारत को भी अपनी जीत पर पूरा भरोसा था और इसी भरोसे ने भारत को विश्व विजेता बना दिया। टीम भारत की एप्रोच, सोच, कप्तान के फैसलों, जुझारू क्षमता, समग्र प्रयास ने बताया कि हार तब होती है, जब आप इसे मानसिक रूप से स्वीकार कर लेते हैं, अगर आप जीत का जज्बा रखते हैं तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। बस आपके हौसले बुलंद होने चाहिए। टीम भारत ने अंतिम क्षण तक हौसला नहीं खोया और जीत दर्ज कर दुनिया को दिखा दिया कि जज्बा क्या होता है। इसके साथ ही भारत ने आलोचकों के मुंह पर भी ताला लगा दिया।

जब बात बड़े मिशन, बड़े युद्ध और बड़ा लक्ष्य हासिल करने की आती है, तो यह टीमवर्क से ही हासिल किया जा सकता है। अपने हित (मसलन रिकॉर्ड को तरजीह देकर या बाकी बातों में उलझकर) कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। खिताबी जीत ने संदेश दिया, हर शख्स का योगदान बड़े लक्ष्य को हासिल करने में अहम होता है। भारत का टी-20 विश्वकप का विजेता बनना इसलिए कहीं अधिक बड़ी और हर भारतीय को उत्साहित करने वाली उपलब्धि है, क्योंकि यह 17 वर्षों की लंबी तपस्या के बाद हासिल हुई। भारत ने इसके पहले 2011 में एक दिवसीय विश्वकप का खिताब जीता था। इस बार भारत ने अजेय रहते हुए टी-20 का विश्वकप अपने नाम कर लिया और क्रिकेट प्रेमियों समेत अन्य लोगों को भी उत्साह-उमंग से भर दिया।

इस पर आश्चर्य नहीं कि टी-20 का विश्व विजेता बनते ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जाडेजा ने क्रिकेट के इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। ऐसा करके उन्होंने न केवल एक उदाहरण स्थापित किया है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर भी दिया है। इस खिताब ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वर्षों की साध तो पूरी की ही, कोच राहुल द्रविड़ के गुरु ज्ञान को भी सार्थक कर दिया। भारत यह खिताब इसलिए अपने नाम कर सका, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम जोश और आत्मविश्वास से तो भरी हुई थी, अंतिम क्षण तक हार न मानने के जज्बे से भी लैस थी। इसी कारण वे हार के जबड़े से जीत खींच लाए। इस चमत्कृत करने वाली कामयाबी के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

(लेखक खेल पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
निरंकार सिंह



# उत्तर प्रदेश पर भाजपा की क्यों कमजोर हुई पकड़?

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पायी। इसके बारे में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दरअसल प्रदेश और देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से उनके मंत्रिमंडल के ही कुछ लोग परेशान से हैं। इन मंत्रियों की मुख्यमंत्री बनने की लालसा भी हिलोरें मार रही है। जाने-अनजाने में कुछ केन्द्रीय नेताओं का भी इन्हें संरक्षण मिल रहा था। ये लोग नहीं चाहते थे कि योगी की लोकप्रियता बढ़े। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को जिताने और बढ़ाने में इनकी कोई विशेष सक्रियता भी दिखायी नहीं पड़ी। अब पार्टी संगठन एक टास्क फोर्स बनाकर इसके कारणों की छानबीन कर रहा है। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने क्षेत्र में कार्यकताओं व जनता से सम्पर्क टूट गया था।

यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिए। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाये बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से सम्पर्क साधने की जरूरत नहीं समझी। ये लोग अपने घर पर ही ठेका -पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश में पार्टी का आई.टी. सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों और प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी सहित कई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाये गये। ब्राह्मणों-ठाकुरों को लड़ाया गया, दलितों और पिछड़ों को भरमाया गया। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलने तक की बातें तक कही गयीं। जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाये रखने का सवाल था इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। पन्ना प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनायी गयी जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नम्बरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर पर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गयी। हालांकि जो काम विपक्षी दलों का आईटी सेल कर रहा था वह भाजपा का आईटी सेल कर सकता था। पर उसे तो पता ही नहीं चला और उसके पास ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के नम्बर भी नहीं होंगे।

बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है।

(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## खुशहाली अपने भीतर प्रसन्नता की गहरी भावना



संकलित
दर्शन

आपको अपने भीतर प्रसन्न रहने की जरूरत क्यों है? जब आप प्रसन्नता की एक आंतरिक अवस्था में होते हैं, तब आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास हर किसी के साथ और हर चीज के साथ मधुर होते हैं। दूसरों के साथ अच्छे होने का निर्देश देने के लिए किसी धर्मग्रंथ या दर्शन की जरूरत नहीं है। एक ही सवाल से शुरू करते हैं, हम खुशहाली किसे मानते हैं? बिलकुल सीधे तौर पर, खुशहाली बस अपने भीतर प्रसन्नता की एक गहरी भावना है। अगर आपका शरीर सुखद महसूस करता है तो हम उसे स्वास्थ्य कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है, तो हम उसे सुख कहते हैं। अगर आपका मन सुखद बनता है तो हम उसे शांति कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है तो हम उसे ख़ुशी कहते हैं। अगर आपकी भावना सुखद बनती है तो हम उसे प्रेम कहते हैं, अगर वह बहुत सुखद बन जाती है तो हम उसे करुणा कहते हैं। अगर आपकी जीवन ऊर्जाएं सुखद बनती हैं, तो हम उसे आनंद कहते हैं। अगर वे बहुत सुखद बन जाती हैं तो हम उसे परमानंद कहते हैं। आप पूरा बस यही खोज रहे हैं, भीतर और बाहर की प्रसन्नता। जब प्रसन्नता भीतर होती है तो उसे शांति, आनंद या खुशी कहते हैं। जब आपके चारों ओर का माहौल सुखद बन जाता है, तो उसे सफलता का नाम दिया जाता है। अगर आपकी इनमें से किसी में भी रुचि नहीं है और आप स्वर्ग जाना चाहते हैं, तो आप क्या खोज रहे हैं? बस दूसरी दुनिया की सफलता!

## धैर्यता को धारण करना एक रचनात्मक प्रक्रिया



संकलित
प्रेरणा

इसमें कोई शक नहीं कि प्रतिदिन हम सभी कहीं न कहीं, कभी न कभी अधैर्य हो ही जाते हैं और उसका खामियाजा भी भुगतते रहते हैं, परंतु इस अधैर्यता रूपी जंजीर से मुक्त होना आज तक हममें से कोई सीख नहीं पाया। चाहते तो सभी हैं कि हम अधैर्यता से मुक्त हों,परंतु धैर्यता को सहज रीती से धारण करें कैसे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं हैं। धैर्यता को धारण करना, यह एक रचनात्मक प्रक्रिया है जो हर कोई बड़ी आसानी से कर सकता है। इस प्रक्रिया का सबसे पहला कदम है खुले मन से यह स्वीकार करना कि हमारी अधीर्यता के निर्माता स्वयं हम खुद ही हैं और कोई नहीं अतः जैसे हमने निरंतर अधीर रहने की आदत को सालों साल पाला और पोसा है, ठीक उसी तरह हम धैर्य रखने की आदत को भी अपने भीतर जाग्रत कर सकते हैं। हमारी अन्य रचनाओं की तरह यह प्रक्रिया की शुरुआत भी हमारे मानस में ही होती है, जहां पर पहले हम धैर्य को धारण करते हैं और फिर अपने आत्मविश्वास के बल द्वारा उसे संपूर्ण रूप मे अपने भीतर उभारते हैं। कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और काली रात के बाद सुनहरा सवेरा होता है। निस्संदेह इसमें कोई शक नहीं कि 'धैर्यता का गुण' आज नहीं तो कल हमें सकारात्मक एवं मीठा फल अवश्य प्रदान करता ही है। यह तथ्य सिद्ध है कि 'धैर्य और विवेक' यह एक दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि बहुधा जो लोग धैर्यशील होते हैं उनकी बुद्धिमता एवं गंभीरता का स्तर दूसरों की भेंट में कई गुना अधिक ऊंचा होता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-नीलम ठाकुर, दुर्ग*

ट्रेंड

### गुमराह की कोशिश न करें



मैं नेता प्रतिपक्ष से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया वो संसद को गुमराह करने की कोशिश न करें। अग्निवीर योजना के संबंध में बहुत सारे लोगों से, 158 संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया, उनके सुझाव लिए गए, तब यह अग्निवीर योजना लाई गई है।

**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### माफी मांगें राहुल



राहुल गांधी द्वारा सदन में हिंसक बुलाना, करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। नेता विपक्ष की मर्यादा को भंग करने वाले ऐसे विवादित और शर्मनाक बयान का कड़े शब्दों में विरोध करता हूं। इसके लिए राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

**-पियूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### नहीं झुकते



हम लोहिया जी , शहीद ए आजम भगत सिंह जी, राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी , लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी को पढ़कर राजनीति में आए है, हम पर जितना जुल्म करना है करो, मगर हम डरने वाले नही है। मां भारती ने ऐसे बच्चे पैदा किए है जो किसी के आगे नहीं झुकते।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### सच्चाई एक्स पर



यह परेशान करने वाली बात है कि लगभग पूरे मीडिया ने एक ही झूठ को एक जैसे शब्दों के साथ दोहराया। विरासती खबर न केवल फर्जी है, बल्कि मौलिक रूप से फर्जी भी है। सच्चाई एक्स पर है।

**-एलन मास्क, उद्योगपति**

करंट अफेयर

## आठ लाख अफगानियों को देश से बाहर निकालेगा पाक



पाकिस्तान ने बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजने की विवादास्पद योजना का दूसरा चरण शुरू करने की तैयारी कर ली है। पाक अधिकारियों के मुताबिक करीब 8 लाख अफगानियों को निष्कासित करने की योजना है। पिछले साल नवंबर में पहले चरण में लगभग 5.41 लाख लोगों को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। तब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की काफी किरकिरी हुई थी। अलजजीरा में छपी रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि यदि अफगान शरणार्थियों ने स्वेच्छा के साथ देश नहीं छोड़ा तो उन्हें गिरफ्तारी और निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। अफगानियों को अफगानिस्तान वापस भेजने के पहले चरण में पाकिस्तानी सरकार ने दावा किया था कि वहाँ पर लगभग 44 लाख अफगान शरणार्थी थे जिनमें से करीब 17 लाख के पास कोई दस्तावेज नहीं है। पाकिस्तानी सरकार ने सुरक्षा चिंताओं और संघर्षरत अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए कार्यवाई के फैसले को सही बताया था। दरअसल, अफगानिस्तान में जब से तालिबानी सरकार आई है तब से पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हमले बढ़ गए हैं।

ऑफ बीट

## धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी। हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

लाइफ Style



# तब्बू

## फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला





# 'ए एंग्री बड्र्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बड्र्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।



# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'



# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है।




सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।

# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्परेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

***मुंबई।*** *सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया हैं।*

### स्टेनली का डब्बा

'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।






### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## जैकेट के शेष

### जबरिया भेजी गई...

दवा सप्लाई की जांच होगी और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। दूसरी ओर बिना उपयोग के सरकारी अस्पताल में कालातीत हुई इन करोड़ों रुपए की दवाओं को नष्ट करने के लिए लाखों रुपए खर्च करने की जरूरत होगी। नियम के मुताबिक इसके लिए सीजीएमएससी अथवा डंप हेल्थ सेंटर द्वारा टेंडर जारी कर दवा नष्टीकरण के लिए एजेंसी तय की जाएगी। संबंधित एजेंसी दवा को निर्धारित नियम के तहत दवाओं को नष्ट करेगी और इसके लिए उन्हें संस्था द्वारा राशि का भुगतान करना होगा।

### नया कानून लागू...

इतवारी की शिकायत पर पुलिस ने गोलू के खिलाफ गाली-गलौज करने की धारा जो पूर्व में 294 थी, उसकी जगह बीएनएस की नई धारा 296 तथा धमकी देने की धारा 506 की जगह 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अभी भी पुराने कानून...

लागू हो गए हैं। तीनों कानून को 25 दिसंबर 2023 को मान्यता मिल गई थी। लेकिन सरकार ने इसे 1 जुलाई 2024 से लागू करने का फैसला लिया था। इससे पहले तीनों कानून का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। विभिन्न तरीके से सेमिनार और कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी,कानूनविद,अधिवक्ताओर अन्य संबंधित पक्षों को इसकी जानकारी भी दी गई।

**आईपीसी में इन थानों में दर्ज हुए मामले :** राजधानी के सिविल लाइन, आमानाका, विधानसभा, खरोरा सहित अन्य थानों में आईपीसी की धाराओं में 1 जुलाई को भी अपराध पंजीबद्ध हुए। क्योंकि घटना 30 जून और 30 जून के पहले की थी। ये सभी केस अभी कोर्ट में पुरानी प्रक्रिया के अनुसार ही चलेंगे।

### युवक की हत्या कर...

कोडतामरका में हुईं मुठभेड़ का असली जिम्मेदार यही है। पुलिस का मुखबिर बताया और कहा कि इसको मौत की सजा दी गई है। युवक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई कर रही है। युवक अबूझमाड़ के नेलांगुर थाना कोहकामेटा क्षेत्र का निवासी है। वर्तमान में वह जिला मुख्यालय में स्थित बांसशिल्प में निवासरत था। नक्सली एनकाउंटर के बाद पुलिस मुखबिरी के आरोप में लगातार ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं। वहीं, कई ग्रामीणों को गांव से बेदखल भी कर दिया गया है। बीते 5 महीने में करीब आधा दर्जन ग्रामीणों की हत्या करने के बाद सामने आई है। वहीं 30 से 40 परिवारों को गांव से बाहर निकाल कर नारायणपुर जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### मुखबिरी के आरोप...

शिल्प कॉलोनी नारायणपुर को पुलिस मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने हत्या कर दी है। रविवार की रात्रि को शव को बटुमपारा चौक ओरछा में रखकर फरार हो गए। शव को थाना ओरछा में लाकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### हार्ट अटैक से किसान...

घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस की टीम भी मौके पर पहुंची थी और उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। हालांकि इस पूरे मामले में चिकित्सक से पुलिस को क्लीन चिट मिल चुकी है और डॉक्टर ने इसे एक नॉन एमएलसी केस व नेचुरल डेथ बताया है। ग्राम सुखरी के काला पारा निवासी किसान 65 वर्षीय श्रीराम राजवाड़े और उसकी बहन के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर ही 1 जुलाई को गांधीनगर थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की ग्राम सुखरी पहुंची थी। जब महिला प्रधान आरक्षक श्रीराम राजवाड़े से पूछताछ कर रही थी तो अचानक वे बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। आनन फानन में वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कही जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पीएम नहीं कराया गया था।

### कांग्रेस ने दी उग्र...

पारिवारिक जमीन विवाद चल रहा था। इसी मामले में गांधीनगर थाना की महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की गयी थी। आरोप है कि उसने गांव वालों के सामने श्रीराम सुंदर राजवाड़े से कडे. लहजे में बात कर अपशब्द कहे और जेल में सड़ा देने की धमकी दी। सार्वजनिक रूप से अपमान से व्यथित राजवाड़े वहीं पर गिर कर बेहोश गए। अस्पताल पहुंचने तक उनकी मौत हो गयी। परिजन की सूचना पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विनय शर्मा बंटी, जिला महामंत्री अरविंद सिंह गप्पू, नुरुल सिद्दकी, शसिलेंद्र सोनी, आशीष वर्मा, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, आतिश शुक्ला सहित कांग्रेजन अस्पताल पहुंचे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने घटना की जांच करा दोषी पुलिसकर्मियों पर कारवाई की मांग की है।उन्होंने दो दिन में जांच पूरी कर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

---

योजना को लेकर रक्षा विशेषज्ञों ने दी मिली जुली प्रतिक्रिया
कुछ पक्ष तो कुछ ने जताया विरोध

# अग्निपथ योजना में तत्काल किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं, सेनाओं की आंतरिक स्टडी जारी

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में जारी जवानों की चार साल की नई भर्ती प्रक्रिया यानी 'अग्निपथ योजना' को लेकर संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मध्य हुई तीखी नोंकझोंक के बीच रक्षा मंत्रालय का कहना है कि तात्कालिक रूप से इस योजना में किसी बदलाव की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। क्योंकि अभी इस संबंध में सेनाओं के तीनों अंगों की अलग-अलग व्यापक आंतरिक स्टडी जारी है। इसके पूरा होने के बाद ही केंद्र सरकार की तरफ से अग्निपथ योजना में बदलाव या सुधार को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है।



**यूं लगता स्टडी में समय :** रक्षा मंत्रालय के विश्वसनीय सूत्रों ने कहा कि सेनाओं में किसी भी नए हथियार, उपकरण या योजना के लागू होने पर यह सामान्य नियम है कि इनके आगमन और उसके बाद प्रयोग के दौरान प्रत्येक चरण में उत्पाद व योजना का विश्लेषण किया जाता है। इसके बाद अंत में किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाता है। अब यही प्रक्रिया अग्निपथ और उसके जरिए सेनाओं में भर्ती होने वाले अग्निवीर जवानों को लेकर भी लागू की जा रही है। इस योजना को दो साल पहले 2022 में लागू किया गया था। इसके बाद से सशस्त्र सेनाओं के सभी अंगों की इस पर व्यापक आंतरिक स्टडी जारी है। इसमें किसी युवा के अग्निवीर जवान के रूप में सेनाओं में भर्ती होने और उसके बाद के सभी चरणों (अग्निवीर के रूप में चुनाव होने, शुरुआती प्रशिक्षण, यूनिट में तैनाती, मिशन-अभियान में प्रदर्शन, मानसिक-शारीरिक क्षमता) के आधार पर गहनता से आकलन किया जा रहा है।

### पक्ष-विपक्ष में खड़े रक्षा विशेषज्ञ

सेना के पैदल दस्ते (इंफेंट्री) के पूर्व महानिदेशक रहे सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना और उसके संगठन के लिहाज से शत-प्रतिशत ठीक है। क्योंकि इसके जरिए वर्तमान में सेनाओं को जवान के रूप में ऐसे प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष युवा मिलते हैं। जो दुश्मन के साथ आमने-सामने की लड़ाई के अलावा साइबर, कृत्रिम मेधा (एआई) और स्पेस जैसे भावी खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने दो टूक अंदाज में देश के भीतर से उठ रहे आलोचना के स्वरों को खारिज करते हुए कहा कि यह जो भी लोग हैं। उन्हें भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ राजनीति नहीं करनी चाहिए। सेना में पूर्व उप सेनाप्रमुख रहे लेफ्टिनेंट जनरल राज कादयान (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अग्निपथ योजना को तुरंत प्रभाव से रद्द कर देना चाहिए। क्योंकि केवल बजट को कम करने के लिए हम हमारी सेना को नियमित से संविदा आधारित नहीं बना सकते हैं। असल युद्धक्षेत्र में नियमित सैनिक की तुलना में एक संविदा वाले जवान की राष्ट्रभक्ति, निष्ठा और मनोबल जैसी तमाम चीजें सवालों के घेरे में आ सकती हैं।

---

# रतन टाटा ने पैसे देकर बचा ली 115 कर्मचारियों की नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**खास बातें**
- ऐसी दरियादिली और कहां! छंटनी का हो गया था ऐलान
- यह मामला टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइसेज का है

गूगल, अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियां जहां पैसे बचाने के लिए बिना कुछ सोचे-समझे कर्मचारियों की बलि चढ़ा देती हैं, वहीं टाटा ने दुनिया के लिए एक नजीर पेश की है। वह तब जबकि कंपनी ने इन कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। लेकिन, ऐन वक्त पर रतन टाटा ने पैसे देकर इन कर्मचारियों की नौकरी बचा ली और टर्मिनेशनल वापस हो गया। आपको बता दें कि टीसीएस ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने वाली है। यह मामला टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइसेज का है, जहां 28 जून को 115 कर्मचारियों की छंटनी करने का ऐलान कर दिया गया था। इसके बाद रविवार 30 जून को कहा गया कि इन कर्मचारियों की छंटनी फिलहाल रोक दी गई है।



इसमें 55 फैकल्टी मेंबर्स और 60 नॉन टीचिंग स्टाफ था। छंटनी रोकने का ऐलान रतन टाटा की अगुवाई वाले टाटा एजुकेशन ट्रस्ट (टीईटी) के उस फैसले के बाद किया गया, जिसमें ट्रस्ट ने आर्थिक अनुदान बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रस्ट ने प्रोजेक्ट, प्रोग्राम और नॉन टीचिंग स्टॉक की सैलरी व अन्य खर्चों को लेकर नया फंड जारी कर दिया, जिससे 115 कर्मचारियों की नौकरी बच गई।

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने किया उम्मीदवारों का ऐलान

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। जिन नामों की घोषणा की गई है, उनमें पंकजा मुंडे, योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे और सदाभाऊ खोत शामिल हैं। खास बात ये है कि भाजपा ने पंकजा मुंडे पर एक बार फिर भरोसा जताया है। पंकजा ने बीड से लोकसभा चुनाव चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के बजरंग सोनवाने से 6000 वोटों के मामूली अंतर से हार गई थीं। उनके चार समर्थकों ने उनकी हार के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

**12 जुलाई को होगा मतदान**

राज्य की 11 विधान परिषद सीट पर 12 जुलाई को मतदान होगा। उसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व को 11 नामों की सूची भेजी थी। जिनमें से पांच नाम पर पार्टी ने मुहर लगाई है।

---

## पेज एक के शेष

### अब होटल भवन ...

मैरिज हॉल, कैटरिंग, टेंट को मिलाकर दो माह में कम से कम दो सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। जुलाई में शादियां कम है, इसमें ज्यादा भरपाई नहीं हो पाएगी।

### राहुल ने कहा- भाजपा...

कुछ अन्य नेताओं ने अलग अलग बिंदुओं को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तथा नेता प्रतिपक्ष पर सदन को गुमराह करने एवं गलत बयानी का आरोप लगाया। सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक के बीच राहुल गांधी ने कहा, ये अहिंसा का देश है, ये डर का देश नहीं है। भगवान शिव कहते हैं- डरो मत, डराओ मत। वे अहिंसा की बात करते हैं। जो अपने आप को हिंदू कहते हैं कि वो 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं, नफरत की बात करते हैं। आप (भाजपा) हिंदू हो नहीं। उनका कहना था, हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ के खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए, सत्य से नहीं डरना चाहिए। अहिंसा हमारा प्रतीक है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा, आप नेता प्रतिपक्ष हैं। इसका ध्यान रखें कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना...यह बहुत गंभीर विषय है। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका भाजपा का नहीं है। सदन में भारी शोर-शराबे के बीच बिरला ने राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखते समय पूरा ध्यान रखना चाहिए।

### इन अफसरों को मिला...

नरेंद्र कुमार दुग्गा सचिव सुकमा, किरण कौशल विशेष सचिव दंतेवाड़ा, सौरभ कुमार संचालक सक्ती, सुनील कुमार जैन संचालक सरगुजा, जय प्रकाश मौर्य विशेष सचिव मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, सारांश मित्तर बीजापुर, रमेश कुमार शर्मा विशेष सचिव मनेंद्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर।

### स्कूलों की मरम्मत धीमी...

विष्णु देव साय ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि शिक्षा उन्नति का मूल मंत्र है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। यह सुनिश्चित करें कि स्कूलों में अनुशासन बना रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर भी हर माह दो से तीन स्कूलों का दौरा कर वहां निरीक्षण करें।

**युक्तियुक्तकरण के मामले पेश करें कैबिनेट में :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन और पारदर्शी प्रशासन हमारा लक्ष्य है। राज्य सरकार का यह प्रयास होगा कि बच्चों को स्कूल का बेहतर भवन मिले और वहां पढ़ाई-लिखाई की अच्छी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और शालाओं के युक्ति-युक्तकरण के लिए प्रस्ताव अगले कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे शालाओं में शिक्षकों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और डॉ. बसवराजू एस., स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी भी उपस्थित थे।

### विद्या समीक्षा केंद्र से होगी...

है। बैठक में प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा संजीव झा, संचालक लोक शिक्षण दिव्या उमेश मिश्रा, संचालक एससीईआरटी राजेन्द्र कटारा, पाठ्यपुस्तक निगम के संचालक कुलदीप शर्मा भी उपस्थित थे।

# वीडियो पोस्ट करने पर अल्जीरिया में दो पत्रकार गिरफ्तार

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार का शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। अल्जीरिया में राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह 'नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी' की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, समाचार वेबसाइट 'अल्जीरी स्कूप' से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह 'उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा' के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया।

# नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमला, 18 मरे

एजेंसी ▶▶| नाइजीरिया

उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है। सैदु ने कहा, "कुछ ही मिनट बाद जनरल अस्पताल के पास एक और धमाका हुआ" और अंतिम संस्कार के दौरान तीसरा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। सैदु ने कहा कि कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं।

## राशिफल



**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।


**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

NOTICE FOR INVITING OBJECTIONS/SUGGESTIONS ON DRAFT MYT REGULATION, 2024

In exercise of powers conferred on it by Section 61, 62, 32(3) Section 86 and 181(2) of the Electricity Act, 2003 (Act 36 of 2003) and all other power enabling it in this behalf, Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission has framed Draft "Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for determination of Multi-Year Tariff) Regulations, 2024.

Draft Regulations and explanatory memorandum are available on the Commission's website- *www.cserc.gov.in.* Comments/suggestions of the stakeholders/public are invited by 31/07/2024. Notice for public hearing shall be published separately.

"SAVE ELECTRICITY" SECRETARY

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय : कार्यपालक निदेशक (वित्त.) विद्युत सेवा भवन, भूतल, डँगनिया रायपुर
(दूरभाष–0771–2576601, 2576678)Website-www.cspdcl.co.in, E-mail-fin.cspdcl@cseb.gov.in

क.05–06/DIST/675 रायपुर, दिनांक.25.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त.) कार्यालय हेतु इस कार्यालय के निविदा क्र. 05–06/DIST/675 दिनांक. 25.06.2024 के तहत कम्प्यूटर आपरेटर के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | संख्या | निविदा का मूल्य Tender Cost | बयाना राशि EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर आपरेटर प्रदाय करने हेतु अल्पकालीन निविदा (अवधि 2 वर्ष) | 13 | Rs.5,000/- (Including GST) वापसी योग्य नही | Rs.65,000/- वापसी योग्य |
| अ | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 16.07.2024 | 14.00 बजे तक |
| ब | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 16.07.2024 | 15.00 बजे तक |
| स | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 16.07.2024 | 16.00 बजे |
| 2. | अधिक जानकारी के लिए CSPDCLके Website www.CSPC.Co.in देखें। | | | |

बिजली का उत्पादन ही बिजली की बचत है।
कार्यपालक निदेशक (वित्त)
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. रायपुर

**एन. एम. डी. सी. लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
बैलाडिला ऑयरन ओर माइन्स, बचेली कॉम्प्लेक्स, जिला दंतेवाड़ा 494 553 (छत्तीसगढ़)
टेलीफोन नं. 07857-230079/230751, फैक्स : 07857-231253, 9406489851
ईमेल : bld5materials@nmdc.co.in; alokkujha@nmdc.co.in
Corporate Identity Number : L13100AP1958GOI001674 / GST Regn. #22AAACN7325A1Z5

-:: निविदा आमंत्रित करने के लिए सूचना ::-

निम्नलिखित विवरण अनुसार बचेली कॉम्प्लेक्स पोस्ट बचेली - 494553, जिला दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) के लिए निम्नलिखित मदों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

| आइटम का विवरण | टेण्डर दस्तावेज का डाउनलोड और प्रदर्शन | प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / समय | प्रस्ताव खोलने की अंतिम तिथि / समय | निविदा शुल्क | ईएमडी (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| ओपन टेण्डर संदर्भ नं. NMDC / Bacheli / Material Management / 2/24-25 / ET: 263 Date: 02.07.2024 | | | | | |
| हमारे एन. एम. डी. सी. लिमिटेड अपोलो सेन्ट्रल अस्पताल, बचेली को एक वर्ष की अवधिए बाद में बढा कर एक और वर्ष के लिए विभिन्न दवाइयां आपूर्तिकर्ताओं से "आपातकालीन दवाइयों की आपूर्ति" | 02.07.2024 से 23.07.2024 3.00 PM तक | 23.07.2024 3.00 PM तक | 23.07.2024 3.30 PM तक | कुछ नहीं | Rs.2,00,000/- |

टेण्डर की सम्पूर्ण जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट http://www.nmdc.co.in और सेंट्रल पब्लिक प्रोक्युरमेंट पोर्टल (सीपीपी) www.eprocure.gov.in और एमएसटीसी पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/ पर प्राप्त कर सकते हैं। बोलीदाता अपना प्रस्ताव केवल ऑन-लाईन माध्यम से एमएसटीसी पोर्टल में करे।

संभावित बोलीदाताओं को निविदा दस्तावेजों को डाउन लोड करना चाहिए और केवल एमएसटीसी पोर्टल पर ऑन-लाईन के माध्यम से उसी तिथि के अनुसार ऑफर प्रस्तुत करें।

नोट :- - किसी भी परिशिष्ट / परिशिष्ट/बोली स्पष्टीकरण / समय विस्तार केवल / शुद्धि केवल वेबसाइट पर जारी किया जायेगा और कोई अलग से प्रेस अधिसूचना जारी नहीं की जायेगी। भावी बोलीदाताओं को समय-समय पर उपरोक्त वेबसाईटों पर जाएं और आगे की के लिए नं. 07857-230751, 09406489851 पर सम्पर्क करे, यदि कोई हो तो।

उप महाप्रबंधक (सामग्री)

**छत्तीसगढ स्टेट पावर डिस्ट्री. कम्पनी लिमिटेड**
( छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी )

**सूचना**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि फील्ड के अधिकारियों को पूर्व में विभाग द्वारा दिये गये मोबाईल सिम को बदलकर निम्नलिखत नया सिम सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं को प्रदाय किया गया है जिसमें बिजली से संबंधित कार्य हेतु संपर्क किया जा सकता है।


| क्रमांक | सहायक अभियंता का नाम | मोबाईल नंबर | कनिष्ठ अभियंता का नाम | मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अत्राकार रात्रे, सहायक अभियंता कुम्हारी | 6232943313 | कुमारी अर्चना, कनिष्ठ अभियंता कुम्हारी | 6232943408 |
| 2 | | | श्री देवाशिष मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता जामुल | 6232943409 |
| 3 | | | श्री संदीप वर्मा, कनिष्ठ अभियंता अहिवारा | 6232943410 |
| 4 | | | श्री अत्राकार रात्रे (अतिरिक्त प्रभार मुरमुन्दा) | 6232943412 |
| 5 | श्री नवीन कुमार साहू, सहायक अभियंता धमधा | 6232943305 | श्री राहूल गोपलानी, कनिष्ठ अभियंता धमधा | 6232943391 |
| 6 | | | श्री परमेश्वर वर्मा, कनिष्ठ अभियंता नंनकठ्ठी | 6232943395 |
| 7 | | | कुमारी श्वेता ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता ठेलका | 6232943397 |
| 8 | | | श्री राहूल गोपलानी, कनिष्ठ अभियंता दारगांव | 6232943391 |

*असुविधा के लिए खेद है।*
*"स्वहित एवं राष्ट्र हित मे उर्जा बचावें"*
*'विद्युत देयकों का भुगतान समय पर करें एवं असुविधा से बचें"*

कार्यपालन अभियंता
( संचा/ संधा) संभाग
छत्ती. स्टेट पावर डिस्ट्री. कम्प. लिमि. अहिवारा

S-40645/1


## शब्द पहेली - 5559



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5558 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5570

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5569 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# धरती को मिला 'नया चंद्रमा', वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा विशाल एस्टेरॉयड

*वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एस्टेरॉयड की पहचान की है, जो धरती के चारों तरफ घूमते हुए इसके साथ सूर्य का भी चक्कर लगा रहा है। इस एस्टेरॉयड को वैज्ञानिकों ने अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह के रूप में वर्गीकृत किया है। यह कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

हमारा सौरमंडल हैरान करने वाले रहस्यों से भरा हुआ है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही आश्चर्यजनक खोज में एक क्षुद्रग्रह का पता लगाया है, जो सूर्य के चारों ओर अपनी वार्षिक परिक्रमा में पृथ्वी के साथ-साथ चल रहा है। इस एस्टेरॉयड को 2023 एफ डब्ल्यू-13 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड को अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह कहा है, क्योंकि यह चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी के समान समय सीमा में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, ये पाया गया है कि एस्टेरॉयड पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का भी खिंचाव पड़ा है। 50 फीट (15 मीटर) व्यास का एस्टेरॉयड पृथ्वी से लगभग 1.4 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## पृथ्वी के साथ सूरज का चक्कर लगा रहा अर्द्ध-उपग्रह



## एरिजोना में की दो क्षुद्रग्रह की पुष्टि

*वैज्ञानिकों ने 28 मार्च 2023 के पैन-स्टार्स सर्वे दूरबीन की मदद से एस्टेरॉयड को देखा था। दूरबीन को हवाई द्वीप पर एक निष्क्रिय ज्वालामुखी के शीर्ष पर रखा गया था। कनाडा-फ्रांस-हवाई दूरबीन के साथ ही एरिजोना में दो ऑब्जर्वेटरी ने भी क्षुद्रग्रह की उपस्थिति की पुष्टि की। क्षुद्रग्रह को आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ में माइनर प्लैनेट सेंटर ने सूचीबद्ध किया था। हमारे सौरमंडल में नए चंद्रमा, ग्रहों के साथ-साथ अन्य खगोलीय वस्तुओं को नामित करने की जिम्मेदारी इसी संगठन पर है।*

**एस्टेरॉयड के मार्ग की मैपिंग की**

खगोलशास्त्री एड्रियन कॉफिनेट ने एस्टेरॉयट के मार्ग की मैपिंग के लिए एक कक्षा सिम्युलेटर का उपयोग किया। इस कक्षा सिम्युलेटर को शौकिया खगोलशास्त्री टोनी डन ने विकसित किया था। वैज्ञानिकों के अनुसार, एस्टेरॉयड कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ चक्कर लगाता हुआ प्रतीत होता है।



## पृथ्वी से नहीं होगी टक्कर

*वैज्ञानिकों के अनुसार, इस एस्टेरॉयड के सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर लगभग साल 3700 अनुसरण करने की संभावना है। कॉफिनेट ने कहा, यह पृथ्वी का अब तक ज्ञात सबसे लंबा अर्द्ध उपग्रह प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुत्रग्रह भले ही हमारे ग्रह के अपेक्षाकृत करीब मंडरा रहा है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है।*

---

### क्रैश से आधे घंटे पहले ही उड़ान भरी थी

# फ्रांस में बिजली की केबल से टकराया जेट, 3 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| पेरिस



फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक प्राइवेट जेट बिजली के तार से टकरा गया। इसमें सवार 3 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक घटना नेशनल हाईवे ए-4 पर हुई, जेट ने क्रैश से आधे घंटे पहले ही उड़ान भरी थी। प्लेन का मॉडल सेसना 172 है। जेट का ऊपरी हिस्सा बिजली की केबल से जा टकराया, जो एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिक पावर केबल थी। जिसके बाद जेट में आग लग गई। हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया और मौके पर रेस्क्यू टीम ने बचाव अभियान चलाया। जेट को चलाने वाले पायलट को पिछले साल ही लाइसेंस मिला था। पायलट को 100 घंटे का जेट उड़ाने का एक्सपीरिएंस था।

## अधिकारियों ने उठाए जेट के उड़ान भरने पर सवाल

एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस साल अब तक दो प्राइवेट जेट ए-4 नेशनल हाईवे पर हादसे का शिकार हो चुके हैं। इससे पहले भी स्थानीय अधिकारियों ने प्लेन के यहां से उड़ान भरने पर सवाल उठाया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक छुट्टी का दिन था इसलिए हाईवे पर ज्यादा गाड़ियां थी।

# भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





भारत ने दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक सेबेक्स-2 विस्फोटक तैयार किया है। तबाही मनाचे वाले हथियारों की क्षमता को और बढ़ा देगा। जिससे दुश्मन थरथर कांपेंगे और ये चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचा देगा। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपब्धियां हासिल कर रहा है। इसके साथ ही भारत रक्षा उत्पादन में भी पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने एक ऐसा विस्फोटक पदार्थ तैयार किया है जो ट्राइनाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी ) से दोगुना ज्यादा घातक है। जिसे सेबेक्स 2 नाम दिया गया है। जिसे दुनिया के सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है। इस विस्फोटक के इस्तेमाल से बमों, आर्टिलरी शेल्स और वारहेड्स की क्षमता में कई गुना बढ़ा देगा. यही नहीं इस नए विस्फोटक का वजन भी काफी कम है. सेबेक्स-2 के फॉर्म्युलेशन को भारतीय नौसेना ने सोमवार को टेस्टिंग के बाद सर्टिफाई भी कर दिया है।

## टीएनटी से दो गुना घातक है ये विस्फोटक

बता दें कि किसी विस्फोटक की क्षमता या उसकी ताकत को टीएनटी से तुलना कर आंकी जाती है। टीएनटी का मतलब ट्राइनाइट्रोटॉल्विन है जो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और ताकतवर विस्फोटक है। एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल के बराबर होती है। एक मीट्रिक टन यानी एक हजार किलोग्राम टीएनटी के धमाके से जितनी ऊर्जा निकलती है उसे टीएनटी समतुल्य यानी टीएनटी के बराबर माना जाता है। जो जितना टीएमटी समतुल्य होगा वह विस्फोटक उतना ही ज्यादा घातक होगा।

## मेक इन इंडिया की बल्ले-बल्ले

सूत्रों ने बताया कि इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत तेजी से पिघलने वाले विस्फोटक (एचएमएक्स) के कंपोजिशन के आधार पर सेबेक्स 2 को तैयार किया है। यह कंपोजिशन 'वॉरहेड्स की विनाशकारी क्षमता, हवा से गिरा जाने वाले बम, तोपखाने के गोले और अन्य युद्ध सामग्री की मारक क्षमता में बहुत इजाफा करेगी, जो लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोट और विखंडन प्रभाव का उपयोग करते हैं।'

## भारतीय नौसेना ने की टेस्टिंग

इस विस्फोटक की भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत टेस्टिंग की गई है। इस विस्फोटक के इस्तेमाल से वर्तमान हथियारों की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी होगी। यही नहीं भारत द्वारा विकसित कि गए इस विस्फोट को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।

# भारत-पाकिस्तान ने शेयर की नागरिक कैदियों और मछुआरों की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में मौजूद अपने विभिन्न कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। इसमें भारत ने पाक को 366 नागरिक कैदियों और 86 मछुआरों की एक सूची सौंपी है। यह लोग पाक के नागरिक हैं या इनका मानना है कि वो पाकिस्तानी हैं। पाकिस्तान ने 43 नागरिक कैदियों और 211 मछुआरों की एक सूची भारत को सौंपी है। यह वह लोग हैं जो पाक की जेलों में बंद भारतीय हैं या इनका दावा है कि वो भारतीय नागरिक हैं।

ॐ Shanti
In Loving Memory of



02.07.1966 06.05.2023

**Smt. Reshma Harbaksh Singh**
On her Birthday 2nd July

What is one of the biggest gifts of life if not to know that there is someone who would fight the world for you & say things you are unable to. They silently give you shade from so high above that you don't even realise where it's coming from. **Maa**, you were born to be that island of relief and protection for so many. We personally feel it more and more as we grow to be stronger like you, for ourselves and others too. We love you so much that one's chest burst ! Love you forever and beyond !

In Remembrance
Sons: Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh & family
Mobile : 8104712288, 7738109926

### शपथ पत्र (नाम परिवर्तन)

मैं श्रीमती अंकिता मिश्रा, उम्र 32 वर्ष, पति - श्री अभिनव मिश्रा, निवासी - ई - 403, समता कॉलोनी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग., (आधार नंबर - 356051666482) निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूँ:-

1. यह कि, मेरा विवाह दिनांक 10.05.2024 को श्री अभिनव मिश्रा, पिता- श्री दुर्गेशचंद्र मिश्रा, निवासी - ई - 403, समता कॉलोनी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. के साथ संपन्न हुआ है।
2. यह कि, मेरा विवाह पूर्व मेरा नाम कु. अंकिता पाण्डेय, पिता- श्री जितेन्द्र पाण्डेय, निवासी- आमापारा चौक, शीतला मंदिर के पास, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. था। विवाह के पूर्व मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता रहा था जो कि विवाह पूर्व मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो, अधार कार्ड एवं अन्य शासकीय दस्तावेजो में दर्ज हैं तथा विवाह के पश्चात मेरा नाम मेरा नाम व पता श्रीमती अंकिता मिश्रा, उम्र- 32 वर्ष, पति - श्री अभिनव मिश्रा, निवासी- ई-403, समता कॉलोनी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ. ग. हो गया है तथा आगे मुझे इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जावेगा तथा विवाह पश्चात मेरे समस्त दस्तावेजो मे मेरा यही नाम एवं पता दर्ज किया जावे।
3. यह कि, उक्त कथनों के समर्थन मे मेरा यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं श्रीमती अंकिता मिश्रा, उम्र- 32 वर्ष, पति- श्री अभिनव मिश्रा, निवासी - ई - 403, समता कॉलोनी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक में उल्लेखित समस्त बाते मेरे स्वयं की जानकारी मे सत्य व सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर से अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।

शपथकर्ती
रायपुर छ.ग.

## कार्यालय नगर पंचायत देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

Email.id. cmodeokar@gmail.com
Phone.no 07825266541

क्रमांक / 275/ न.पं./ 2024 देवकर, दिनांक 1/07/2024

**// सूचना //**

नगर पंचायत देवकर क्षेत्रान्तर्गत सर्व साधारण एवं मछूआ समिति को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत देवकर अधीनस्थ तीनपेड़िया तालाब, घुघवाडीह तालाब, सरारी तालाब, लोकबंदी तालाब को शासन के आदेशानुसार दस वर्षीय लीज में दिया जाना है उक्त संबंध में इच्छूक मछुआरा समिति दिनांक 16.07.2024 तक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, देवकर**

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**सूचना**

क्रमांक 9989/ दो-14-1/2023 बिलासपुर, दिनांक 29/06/2024
Adv. No. 07/2023 (AG-III)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक-07/2023, दिनाँक 04/10/2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन-पत्र मंगाये गये थे।

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या को दृष्टीगत रखते हुए सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा व्यापम रायपुर से आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर प्रस्तुत किये हैं उन सभी अभ्यर्थियों को व्यापम रायपुर के वेब-साईट https:// vyapamonline. cgstate.gov.in/online / में जाकर पृथक से पंजीयन व परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन करना होगा तथा व्यापम द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। व्यापम के वेब-साईट में पंजीयन नहीं करने, परीक्षा केन्द्र हेतु जिला चयन नहीं करने तथा व्यापम द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से वंचित किया जा सकता है, जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार भी स्वीकार्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(आलोक कुमार)**
**प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल**

G-242500710/2

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक

### भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

क्र./ अस्प.अधी./क्रय / 2024 4006 राजनांदगांव दिनांक 27/06/24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजो व पेंशनरों के लिए औषधि भंडार में अनुपलब्ध अतिआवश्यक एवं जीवन रक्षित औषधियों, सर्जिकल, पट्टी बांधने की सामग्री / कज्युमेबल सामग्री एवं पेंशनरों की दवाइयों की पूर्ति के लिए स्थानीय स्तर पर क्रय हेतु खुली निविदा वर्ष 2024-25 के लिए स्थानीय चिल्हर दवा विक्रताओं (फर्म) से सीलबंद निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भंडार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य - 1000 रु. / - (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 02.07.2024 सुबह 10.30 बजे से
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 19.07.2024 सायं 05:00 बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 31.07.2024 दोपहर 03:00 बजे तक।
05. निविदा खोले जाने की तिथि - 31.07.2024 सायं 04:00 बजे से

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

**संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक**
**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति**
**शा.चि. महा. सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)**

G-242500723/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड महासमुन्द (छ.ग.)

E-mail id:- eemah-phe-cg@nic.in Telephone:- 07723-223731

**संशोधन आदेश**

इस कार्यालय के द्वारा जारी निविदा क्र. 180, 181, 182, 183, 184, 185 दिनांक 18.06.2024 (जी. नं. 242500437) एवं 186, 187, 188 दिनांक 19.06.2024 (जी. नं. 242500502) को क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 2024-25 पढ़ा जावें।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**महासमुन्द (छ.ग.)**

G-242500726/1

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 11, सिस्टम नंबर 153393 जी - नंबर 08455, निविदा सूचना क्रमांक 12, सिस्टम नंबर 153407 जी - नंबर 08455 एवं निविदा सूचना क्रमांक 13, सिस्टम नंबर 153408 जी - नंबर 08455 को प्रतिभागी निविदाकारों की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया गया है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग**
**जांजगीर, छत्तीसगढ़**

G- 242500714/3

## OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT, MALHAR, DISTRICT - BILASPUR (C.G.)

**E-procurement Tender Notice Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in**

NIT. No. 813 Malhar/Dated 01.07.2024

Online bids are invited for followings works up to 24.07.2024

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 155596 | Survey, Engineering, Procurement, Construction, testing, commissioning of Malhar Water supply scheme under AMRUT Mission 2.0 including Trial run, 12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Components/whole scheme (1st Call) | Rs 3211.58 | Rs 16.06 | In appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 01.07.2024 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

प्लास्टिक कैरिबेग प्रतिबंधित है। कृपया प्लास्टिक कैरिबेग का उपयोग ना करें। पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Panchayat Malhar, Distt. Bilaspur (C.G.)**

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

csbalodabazar2013@yahoo.com
Tel.phone-07727-223532

क्रमांक /स्टोर/ 2024/ 2041 बलौदाबाजार, दिनांक 28/6/2024

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति ::-**

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक हेतु रियेजेन्टस,कीट, कन्ज्युमेबल क्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र की मुल्य रू. 2000.00 (दो हजार रूपये का डी.डी.) है।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक- 06.08.2024 को शाम 5.00 बजे तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक- 07.08.2024 को शाम 3.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि दिनांक- 07.08.2024 को शाम 4.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जावेगी।

**सिविल सर्जन**
**सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला - चिकित्सालय बलौदाबाजारभाटापारा छ.ग.**

G-242500709/2

# मप्र के अलीराजपुर में पूरा परिवार फांसी के फंदे पर लटका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अलीराजपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक ही परिवार से पांच लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिसन ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता के देखते हुए एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची है। पुलिस को जिन लोगों के शव बरामद हुए हैं उन्होंने आत्महत्या की है या किसी ने इनकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया है, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी।

## क्या है पूरा मामला?

अलीराजपुर के सोंडवा थाना क्षेत्र के राऊड़ी गांव के एक घर के अंदर सोमवार को पांच लोगों के शव बरामद हुए। इनमें पति-पत्नी और तीन बच्चे शामिल हैं। मृतकों की पहचान राकेश उसकी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के रूप में हुई है। वारदात की सूचना पाकर एसपी राजेश व्यास भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस परिजन के बयान ले रही है। पूरे परिवार के शव एकसाथ बरामद होने के बाद रिश्तेदारों इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। पुलिस हत्या के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

# कार, ट्रैक्टर की टक्कर, पति-पत्नी समेत तीन की मौत

**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक कार और एक ट्रैक्टर की टक्कर में कार सवार एक दंपति समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुफस्सिल थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि यह हादसा खंडा गांव के पास उस समय हुआ जब कार अमरा तालाब से अकोढ़ीगोला गांव की तरफ जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान पड़रिया गांव निवासी वीरेंद्र पांडेय (58), उनकी पत्नी मीना देवी (52) और खुढ़नु गांव निवासी गुड्डू कुमार (40) के रूप में की गई है। इस हादसे में घायल पांडेय की पुत्री संध्या कुमारी को इलाज लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

| स. क्र. | निविद सूचना क्र. | सिस्टम नंबर | निविदा प्रारंभ होने का दिनांक | निविदा खुलने का दिनांक | कार्य का नाम | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01/SAC/2024-25 DATE 28.06.2024 | 155505 | 05.07.2024 17.31 | 16.07.2024 11.30 | अरपा भैंसझार बैराज परियोजना के शीर्ष कार्य सील में आर.डी. 0.00 मी से आर.डी. 2500.00 मी. तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 203.73 |
| 2 | 02/SAC/2024-25 DATE 28.06.2024 | 155506 | 05.07.2024 17.31 | 16.07.2024 11.30 | दवनपुर जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 217.17 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर निविदा प्रारंभ होने के दिनांक पर समय 17.31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग कोटा**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

G-242500720/2

## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
## Securities and Exchange Board of India

**आदेश पारित की सूचना**

आदेश संख्या WTM/KV/EFD/DRA1/30326/2024-25 दिनांक को मई 08, 2024 के मामले में इंडस वियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड आदेश पारित किया गया।

आदेश नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित इकाईयों के अंतिम ज्ञात पते पर तामील नहीं किया जा सका।

| इकाई का नाम | इकाई का पता |
|---|---|
| इंडस वियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 44/1, वेस्ट गुरु अंगद नगर, विकास मार्ग, स्कोप टावर के सामने, लक्ष्मी नगर, दिल्ली |
| प्रिंस राणा | 45/43, नौगढ़, पोस्ट ऑफिस-कचनी, वैधान, सिंगरौली, मध्य प्रदेश-486887 |
| अनुरेश | माँ जगदम्बा निकेतन, गंगा गेट नंबर 33, राजपुर, मैनपुरा, पटना-800001 |
| रशीद क़मर | फ्लैट नंबर 105, वज़ीर अपार्टमेंट, अल्पना मार्केट के पीछे, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना, बिहार-800013 |
| मज़हरुल क़ादरी | 51, टोला, हिलसंर टोला, भगवानपुर हाल सिवान, बिहार-841408 |
| पार्थसारथी अधिकारी | वार्ड न. 14 ए-2, गोलमार्केट जयंत, विधान, मध्य प्रदेश - 486886 |
| पारसनाथ शर्मा | 241 तेलीडीह, चास, रामनगर कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, झारखंड 827013 |
| बालचंद चौरसिया | परिवा, सिंघपुर, बल्लीअ, फेहपना, बल्लीअ, उत्तर प्रदेश-277503 |

उक्त इकाई (यों) नोटिसी (ओं) को एतद्द्वारा सलाह दी जाती है, कि वे (विभाग का नाम), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, उत्तरी प्रादेशिक कार्यालय, 8वीं मंजिल, प्लेट बी, टॉवर 1, एनबीसीसी कॉम्प्लेक्स ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली 110023, से आदेश एकत्र करें।

इकाई आदेश की प्रति सेबी की आधिकारिक वेबसाइट (www.sebi.gov.in) से "Enforcement - Orders - Orders of Chairman/Members" [प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) आदेश अध्यक्ष / सदस्यों के आदेश" शीर्षक के तहत डाउनलोड कर सकते हैं या ishpreets@sebi.gov.in/gyanendran@sebi.gov.in पर एक अनुरोध भेजकर आदेश की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त इकाई आदेश की प्रति निम्नलिखित लिंक के माध्यम से भी डाउनलोड कर सकती हैं:

https://www.sebi.gov.in/enforcement/orders/may-2024/order-in-the-matter-of-indus-weir- industries-ltd-83257.html

**दिनांक: 21 जून 2024**
**स्थान: नई दिल्ली**

**ज्ञानेंद्र नीरज**
**उप महाप्रबंधक**
**उत्तरी प्रादेशिक कार्यालय**

CBC-15204/11/0047/2425




# भारत का '10 का दम', महिला टीम ने टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिए 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाए 9.2 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था।

## वोल्वार्ट तीनों प्रारूप में शतक जड़ने वाली पहली महिला

*पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा। वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।*

## खबर संक्षेप

### वर्तमान में रहें और खुले दिमाग से खेलें

**चंडीगढ़।** भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बखूबी पता है कि शीर्ष स्तर पर दबाव का सामना कैसे करना है और उन्होंने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को वर्तमान में रहने और खुले दिमाग से खेलने की सलाह दी। बीजिंग ओलंपिक 2008 में पुरुषों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में बिताए समय का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए।



### आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीते हैं। वह इसके पिछले दो आयोजनों के चैंपियन है।



### लक्ष्य को लय हासिल करने का भरोसा

**कैलगरी।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन में अपने अभियान को शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश लय में वापसी के साथ पिछले एक साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की होगी। सेन विश्व रैंकिंग में 14 स्थान पर फिसल गये हैं और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 स्तर की इस प्रतियोगिता में उन्हें चौथी वरीयता मिली है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में वह यहां चुनौती पेश करने वाले इकलौते भारतीय है।



### बधिर क्रिकेट टीम ने जीती टी20 श्रृंखला

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।



## यूरो 2024 : क्वार्टर फाइनल में स्पेन का जर्मनी से होगा सामना

# स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से रौंदा, पुर्तगाल को हराने वाली टीम का अभियान खत्म

एजेंसी ⏭ कोलोन

शुरुआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

### बेलिंगम के गोल से जीता इंग्लैंड

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।



### क्वार्टर फाइनल में पहुंचा इक्वाडोर

*ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। दो साल पहले कतर में विश्व कप से टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।*

### वेनेजुएला ने जमैका को हराया

*आस्टिन। एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। टीम कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैक्सिको के खिलाफ मैच में टीम के मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना से नहीं खेलना होगा। अब उसका सामना ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम कनाडा से होगा। वेनेजुएला के लिए बेलो ने पहला, सालोमन रोंडन ने दूसरा और एरिक रामिरेज ने तीसरा गोल किया।*

## नीरज पेरिस डायमंड लीग से हटे : रिपोर्ट



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लेंगे। ईएसपीएन से बातचीत में चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

नीरज ने कहा, 'मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रूक जाना ही ठीक है।' पिछले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते।

## आईसीसी टी20 विश्व कप टीम में 6 भारतीय, कोहली को जगह नहीं




एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप की 'टूर्नामेंट की टीम' में छह भारतीयों को शामिल किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमें जगह नहीं मिली है। सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच में नहीं चले। फाइनल में उन्होंने 59 गेंद में 76 रन बनाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता। आईसीसी एकादश में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है।

- रोहित, सूर्यकुमार, हार्दिक, अक्षर, बुमराह और अर्शदीप को मिली जगह

### रोहित ने बनाए 257 रन

*रोहित ने 156.7 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए। उन्होंने अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और भारत के ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह ने 15 विकेट लिए। उनका इकॉनॉमी रेट 4.17 था जो पुरुषों के टी20 विश्व कप में किसी एक सत्र में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है।*

### तीन अफगानी खिलाड़ी शामिल

*सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ी फजलहक फारूकी, गुरबाज और कप्तान राशिद खान भी टीम में है।आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को भी टीम में जगह मिली है। उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश में नहीं है। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया 12वें खिलाड़ी हैं।*

### आईसीसी टूर्नामेंट की टीम

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह (भारत), रहमानुल्लाह गुरबाज , राशिद खान, फजलहक फारूकी (अफगानिस्तान), मार्कस स्टोइनिस (आस्ट्रेलिया), निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज) बारहवां खिलाड़ी : एनरिच नॉर्किया (दक्षिण अफ्रीका)।

### कार्तिक बने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बल्लेबाजी कोच और मेंटोर बनाया गया। कार्तिक ने पिछले महीने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। आरसीबी ने एक्स पर लिखा, 'दिनेश कार्तिक का आरसीबी में स्वागत है। डीके आरसीबी पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर होंगे। आप क्रिकेट से इंसान को बाहर कर सकते हैं लेकिन इंसान के भीतर से क्रिकेट नहीं निकाल सकते। उन्हें प्यार दीजिए।'कार्तिक ने कहा, 'पेशेवर स्तर पर कोचिंग को लेकर रोमांचित हूं। जीवन के इस नए अध्याय को लेकर भी काफी रोमांचित हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरा अनुभव काम आएगा।' कार्तिक ने आईपीएल के पिछले सत्र में आरसीबी के लिए 187.36 के स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए।



## विंबलडन : अलकराज का सीधे सेटों में जीत के साथ आगाज

एजेंसी ⏭ लंदन

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने विंबलडन के पहले दौर में सोमवार को यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें 'आश्चर्यचकित' किया।

पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी।



### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और वेस्ली 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि हॉलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव उन से आधा अंक पीछे हैं।



## चार खिलाड़ियों का प्रारूप, खेले जाते हैं 20-20 मिनट के चार गेम

# आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स का खिताब

एजेंसी ⏭ लियोन

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बने। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे।

इस टूर्नामेंट में 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते हैं जिसमें हर चाल के बाद खिलाड़ियों को अगली चाल चलने के लिए 10 सेकंड अधिक मिलते हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में टोपालोव के खिलाफ आनंद ने तीसरे गेम में जीत दर्ज की जबकि तीन और गेम बराबरी पर छूटे। भारतीय दिग्गज ने 2.5-1.5 से जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की थी।




## विश्व चैंपियनशिप : भारत को नहीं मिली मेजबानी

नई दिल्ली। भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। फिडे ने कहा, 'सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।'







# 105 रुपए में मिल रहा है 4 बेडरूम का घर, गैराज और बगीचा भी है

एजेंसी ▶▶| लंदन


आपसे अलग कोई कहे कि कोई घर महज सैकड़ों में बिक रहा है, तो इस ज़माने में ऐसी बात का यकीन कर पाना मुमकिन नहीं है। हालांकि हम आपको एक ऐसे ही घर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी कीमत 200 रुपए भी नहीं लगाई गई है। वो बात अलग है कि घर काफी बड़ा है और इसके साथ काफी जगह और कीमती सामान भी फ्री में मिल रहा है। कहां लोग आलीशान घर बनवाने के लिए अपनी पूरी ज़िंदगी सिर्फ पैसा कमाने में गुजार देते हैं।वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके पास इतनी बेहतरीन क्रिएटिविटी होती है कि वो सस्ती से सस्ती जगह को कमाल का बना देते हैं। ऐसे ही क्रिएटिव लोगों के लिए एक घर बिक रहा है, वो भी महज 105 रुपए में।

## खरीदने वाले को मिलेगा 7 लाख का इनाम भी!

### 105 रुपए में 4 बेडरूम का घर!

पाटिन्सन स्टेट एजेंसी की ओर से इस घर को बेचने के लिए रखा गया है। इंग्लैंड के न्यूकासल में मौजूद ये घर 4 बेडरूम का है।ये काफी हवादार है और इसमें दरवाज़े-खिड़कियां खूब बनाई गई हैं। इसमें दो फ्लैट्स हैं, दो बाथरूम, एक लाउंज और एक किचन भी मौजूद है। इतना ही नहीं, इसके साथ एक यार्ड भी है, जहां बच्चे खेल सकते हैं। एक अलग से बना हुआ गैराज भी है और घर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ज्यादा दूरी पर भी नहीं है। बावजूद इसके घर को बेचते वक्त इसकी शुरुआती कीमत सिर्फ और सिर्फ 105 रुपए रखी गई है।





### खरीदा तो है फायदा ही फायदा

अब सवाल ये है कि इतनी सारी खूबियों के बाद भी घर की कीमत इतनी कम क्यों है? दरअसल, घर के अंदर कदम रख पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। क्योंकि, ये बहुत ज्यादा गंदा है। फर्श उखड़े हुए हैं, वॉलपेपर्स निकल गए हैं, बाथरूम से लेकर हर कमरे में गंदगी मौजूद है। दरवाज़े-खिड़कियां भी उखड़ रहे हैं। घर की इस कंडीशन को देखने के बाद ही नीलामी के लिए इसकी शुरुआती कीमत 105 रुपए रखी गई है। हालांकि, घर में एक कीमती चीज भी है, जो है एक बेबी ग्रांड पियानो, जिसकी मार्केट प्राइस 7000 यानी 7 लाख रुपए से भी ज्यादा बताई जा रही है। ये घर खरीदने वाले को बोनस के तौर पर मिलेगा।


# मंगल ग्रह को लेकर नए खुलासे से डरे वैज्ञानिक नए शोध में सामने आई चौंकाने वाली जानकारी

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

वैज्ञानिक सालों से मंगल ग्रह के रहस्यों को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। अब एक शोध में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। इस शोध के मुताबिक, हर वर्ष मंगल ग्रह से बास्केटबॉल के आकार की सैकड़ों अंतरिक्ष चट्टानें टकराती हैं। इसकी वजह से मंगल ग्रह की सतह पर बड़े-बड़े गड्ढे बनते हैं। नासा के इनसाइट मिशन से मिले डेटा का इस्तेमाल वैज्ञानिक भविष्य के रोबोट मिशनों और अंतरिक्ष यात्रियों के दल को मंगल पर कहां उतारा जाए यह निर्धारित करने के लिए कर सकते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इनसाइट मिशन को दिसंबर 2022 में समाप्त घोषित कर दिया गया था। नासा ने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि इस मिशन के लैंडर ने अपने सौर पैनलों पर मंगल ग्रह की धूल के जमाव को साफ नहीं कर पाया था। हालांकि, इस मिशन से इतने डेटा मिले हैं, जिन पर अभी भी शोध किया जा रहा है।

### मंगल पर आते हैं भूकंप

इनसाइट मिशन के लैडर के साथ मंगल ग्रह पर पहला सीस्मोमीटर (भूकंप मापी यंत्र) भेजा गया था। यह संवेदनशील उपकरण ग्रह लैंडर के स्थान से हजारों मील दूर होने वाली भूकंपीय तरंगों का पता लगाने में सक्षम था। इनसाइट ने मंगल ग्रह पर अपने सीस्मोमीटर का इस्तेमाल कर 1,300 से अधिक भूकंपों का पता लगाया। यह उस समय होता है जब दबाव और गर्मी की वजह से मंगल ग्रह की सतह में दरार आ जाती है। हालांकि, इनसाइट ने मंगल ग्रह पर उल्कापिंडों के टकराने के साक्ष्य भी जुटाए हैं।



### मंगल ग्रह पर मिले नए गड्ढे

शोधकर्ताओं ने साल 2021 से इनसाइट के डेटा पर गहन अध्ययन किया है। इसमें पता चला है कि अंतरिक्ष की चट्टानें मंगल ग्रह से पहले से कहीं ज्यादा बार टकराती हैं। यह बीते अनुमानों से दो से 10 गुना अधिक है। साइंस एडवांसेज जर्नल में एक नया अध्ययन प्रकाशित किया गया है, जिसमें यह बातें बताई गई हैं। ब्राउन यूनिवर्सिटी में पृथ्वी, पर्यावरण और ग्रह विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन की मुख्य लेखिका इंग्रिड डाबर ने बताया कि संभावना है कि मंगल ग्रह हमारे विचार से अधिक भूगर्भीय रूप से सक्रिय हो, जो ग्रह की सतह की उम्र और विकास के लिए निहितार्थ रखता है।

### ग्रह पर क्यों गिर रही हैं अंतरिक्ष चट्टानें

मंगल ग्रह पर बड़े चट्टानी पिंडों से अलग हो गई उल्कापिंड अंतरिक्ष की चट्टानें गिरती हैं। नासा के मुताबिक, इन पिंडो का आकार धूल के कणों से लेकर छोटे क्षुद्रग्रहों के बराबर तक होता है। अंतरिक्ष में जब रहता है, तो उल्कापिंड कहा जाता है, लेकिन जब पृथ्वी या किसी दूसरे ग्रह के वायुमंडल से गुजरता है, तो उल्का कहलाता है। वैज्ञानिकों का सवाल है कि आखिर मंगल ग्रह पर अधिक प्रभाव क्यों नहीं मिले हैं, क्योंकि यह ग्रह हमारे सौर मंडल के मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट के पास स्थित है। जहां पर कई अंतरिक्ष चट्टानें मंगल ग्रह की सतह से टकराने के लिए निकलती हैं। मंगल ग्रह का वायुमंडल पृथ्वी की मोटाई का सिर्फ एक फीसदी है। इसका मतलब यह है कि ज्यादा उल्कापिंड बिना विघटित हुए इसके माध्यम से निकल जाते हैं।

# एक प्रश्न का सही उत्तर जानने बनेगी विशेषज्ञों की नई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

महिला और बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर भर्ती में मॉडल आंसर के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने विशेषज्ञों की नई कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया कि व्यापमं ने सेट बी के प्रश्न क्रमांक 85 के मॉडल आंसर में उत्तर गलत लिया है। हाईकोर्ट ने मॉडल आंसर का फिर से परीक्षण कराने कहा है। मामले में याचिकाकर्ता ने स्वयं बहस कर तर्क प्रस्तुत किया। उन्होंने सुनवाई के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्याय दृष्टांत को पेश किया। शासन व याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद हाईकोर्ट ने शासन से पूछा कि आप का आंसर सही है तो इसका आधार क्या है।



ज्ञात हो कि 5 जुलाई 2023 को सुपरवाइजर के रिक्त 440 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें 220 पद सीधी भर्ती के लिए थे। इसमें 92 पद अनारक्षित वर्ग, 71 पद एसटी, 26 पद एससी और 31 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए थे। 27 अगस्त 2023 को व्यापमं ने इसके लिए भर्ती परीक्षा ली। 12 सितंबर 2023 को इसके लिए मॉडल आंसर जारी करते हुए आपत्ति मंगवाई गई और 20 सितंबर 2023 को रिजल्ट जारी किया गया। चकरभाठा बिलासपुर निवासी सृष्टि शर्मा ने बी सेट के प्रश्न क्रमांक 85 के माडल आंसर पर आपत्ति की थी जिसका निराकरण नहीं किया। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि बी सेट के प्रश्न क्रमांक 85 का उन्होंने सही आंसर दिया था लेकिन विशेषज्ञों ने इसे गलत माना और माइनस मार्किंग दे दिया। इस कारण अंक कम हुआ। याचिका में कहा गया कि इस प्रश्न के आंसर को सही मानकर नंबर दिए जाते तो उन्हें कुल 75.258 अंक मिलते और अनारक्षित वर्ग में उनका चयन हो जाता।

## धार्मिक रीति रिवाज से करें अंतिम संस्कारः हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने बस्तर के एक प्रकरण में धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार मृतक महिला के अंतिम संस्कार के लिए निर्देशित किया है। कोर्ट ने गांव में क्रिश्चियन कब्रिस्तान न होने के कारण परिजन की इच्छा अनुसार उनकी निजी जमीन पर दफन के लिए अनुमति देते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस को सुरक्षा के भी निर्देश दिए हैं। बस्तर क्षेत्र के निवासी रामलाल की मां के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार को लेकर गांव में विवाद उठा था। मृतक के परिवार के सदस्य क्रिश्चियन धर्म अपनाने के कारण उसी के अनुसार अंतिम संस्कार करना चाह रहे थे। जबकि गांव के लोग इसका विरोध कर रहे थे। इस पर रामलाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने धार्मिक रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार की अनुमति मांगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की निजी भूमि पर अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# कहां है धरती की सबसे सुनसान जगह? अब तक पहुंच पाया है सिर्फ 1 इंसान, दर्जनों सैटेलाइट्स की है कब्र!

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या आप जानते हैं कि हमारी धरती पर सबसे सुनसान जगह कहां है? नहीं, वो किसी जंगल या रेगिस्तान में नहीं है बल्कि समुद्र में है। ये जगह इतनी ज्यादा सुनसान है कि यहां से सबसे नजदीक जो इंसान हैं, वो किसी शहर में नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मौजूद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर हैं। ये जगह इतने विराने में है कि यहां तक सिर्फ 1 ही इंसान तक अब तक पहुंच पाया है। पर सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये है कि इस जगह पर दर्जनों सैटेलाइट्स की कब्र है।

### इस जगह से जमीन है हजारों किलोमीटर दूर

हम बात कर रहे हैं पॉइंट नीमो की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पॉइंट नीमो दक्षिण प्रशांत महासागर में न्यूजीलैंड और चिली के बीच समुद्र में एक जगह है। ये कोई आइलैंड या भूमि नहीं है, बल्कि समुद्र का एक हिस्सा है, जिसे जमीन से सबसे दूर माना जाता है। ये जगह जमीन से 2,688 किलोमीटर दूर है। इस जगह को समुद्र का वो बिंदु भी माना जाता है, जो बेहद दुर्गम है। इस जगह से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 415 किलोमीटर की दूरी पर है।




### स्पेसक्राफ्ट्स का है कब्रिस्तान

बीबीसी के अनुसार इस जगह को स्पेसक्राफ्ट के कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। 1971 से 2008 के बीच ग्लोबल स्पेस पावर, जैसे अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप ने यहां 263 स्पेस ऑब्जेक्ट को गिराया। यहां सोवियत मीर स्पेस स्टेशन, 140 रूसी रीसप्लाई वेहिकल आदि को गिराया जा चुका है। जो सबसे रीसेंट था, वो स्पेस एक्स द्वारा एक कैप्सूल रॉकेट को यहां गिराया गया था।

### सिर्फ एक शख्स पहुंचा है पॉइंट नीमो

नॉर्थ यॉर्कशायर के 62 साल के क्रिस ब्राउन और उनके 30 साल के बेटे, अपनी शिप हैंसे एक्सप्लोरर और उसके क्रू के साथ इस जगह पर फतह पाने के उद्देश्य से 12 मार्च को चिले के पुएर्टे मॉन्ट से चले थे। 20 मार्च को वो इस स्थान पर पहुंचे थे।रास्ते में उन्हें घरों के बराबर ऊंची लहरों का सामना करना पड़ा, जहाज़ी मतली, और चक्रवात को झेलते हुए वो इस जगह पर पहुंचे थे। यहां पहुंचते ही उन्होंने तय किया कि वो इस जगह पर समुद्र में तैरेंगे जहां पानी का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक होता है। क्रिस इस बात के लिए निश्चित थे कि उनसे पहले इस स्थान पर और कोई नहीं पहुंचा था। 31 मार्च को वो जमीन पर लौट आए थे।







## 127 साल पहले लगी थी पाबंदी!

# वो जगह जहां नहीं चलती एक भी कार, घोड़ागाड़ी से होता है सफर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

हमारी दुनिया इतनी विकसित और दौड़ती-भागती है कि हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि कोई ऐसी भी जगह है, जहां आप मोटर गाड़ियां नहीं चला सकते। जहां आपको आने-जाने के लिए सिर्फ और सिर्फ बिना मोटर वाले वाहनों पर निर्भर रहना पड़े। अगर आप सोच रहे हैं कि वहां ज़िंदगी कैसी होगी, तो आप वायरल हो रहे एक वीडियो के ज़रिये देख सकते हैं कि वहां लोग कितने सुकून में रहते हैं। आप शायद ही किसी ऐसी जगह की कल्पना कर सकते हैं, जहां मोटर गाड़ियां चलाने पर प्रतिबंध लगा हो? वैसे एक जगह ऐसी है, जहां सिर्फ साइकिलें और घोड़ागाड़ियां ही चलती हैं। आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि ये जगह भी सबसे विकसित देश अमेरिका में है। इस जगह पर हवा की क्वालिटी इतनी बेहतरीन है कि प्रदूषण के बीच रहते-रहते हम इसे सोच भी नहीं सकते।



### सुकून भरी है ज़िंदगी

अमेरिका के मिशिगन में मौजूद मैकिनैक काउंटी में मैकिनैक द्वीप है। यहां पिछले 127 सालों से मोटर व्हीकल्स पर बैन लगा हुआ है। ये पाबंदी साल 1898 से लगाई गई थी, जिसके बाद पूरे द्वीप पर आपको ढूंढे से भी कारें नहीं मिलेंगी। यहां के लोग घोड़ा गाड़ियों और साइकिलों से ही सफर करते हैं। इस पाबंदी का नतीजा यहां की बेहतरीन हवा की क्वालिटी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com